
UPHIN/2011/39718

पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-132 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 | youngbharatE-paper.com

## यूपी के किसानों के लिए बड़ी राहत, बारिश में ख़राब हुए गेहूं की भी होगी खरीद

### योगी सरकार ने बदला मानक





( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने असमय हुई बारिश से प्रभावित गेहूं की फसल को देखते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है. सरकार ने बारिश से ख़राब हुई गेहूं की खरीद मानकों में बाद बदलाव किया है.

अब प्रदेश में लस्टर लॉस (चमक में कमी) वाले गेहूं की स्वीकार्य सीमा को बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है. वहीं सिकुड़े और टूटे दाने की सीमा, जो पहले 6 प्रतिशत थी, उसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक कर दिया गया है. इससे बारिश के कारण गुणवत्ता प्रभावित होने के बावजूद किसानों का गेहूं खरीदा जा सकेगा. सरकार का उद्देश्य किसानों को नुकसान से बचाना और उन्हें मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से रोकना है. सरकार के निर्णय के अनुसार, कम मानकों के तहत खरीदे गए गेहूं को सामान्य गेहूं से अलग रखा जाएगा और उसका अलग लेखा-जोखा होगा. इस गेहूं का उपयोग केवल उत्तर प्रदेश के भीतर ही किया जाएगा, ताकि गुणवत्ता प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके. भंडारण की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस तरह खरीदे गए गेहूं के भंडारण के दौरान यदि गुणवत्ता में कोई गिरावट होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी. साथ ही, ऐसे गेहूं के स्टॉक को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा. इस फैसले से प्रदेश के लाखों किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है, जिनकी फसल हाल की बारिश से प्रभावित हुई है. सरकार का यह कदम किसानों के हितों की सुरक्षा और कृषि क्षेत्र को स्थिर बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

## यूपी बनेगा 1 ट्रिलियन इकोनॉमी का इंजन! स्किल डेवलपमेंट पर CM योगी आदित्यनाथ का बड़ा फोकस

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य की दिशा में स्किल डेवलपमेंट सेक्टर को और अधिक प्रभावी एवं परिणामपरक बनाने की कवायद तेज हो गई है.

इसी क्रम में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कौशल विकास कार्यक्रमों को सीधे रोजगार से जोड़ा जाए, ताकि युवाओं को प्रशिक्षण के बाद तत्काल रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें. बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि योगी सरकार स्किल डेवलपमेंट को प्रदेश की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार मानते हुए इसे उद्योगों से जोड़ने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है. आईटीआई सुधार, इंडस्ट्री पार्टनरशिप और आधुनिक कोर्सेज के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को रोजगार योग्य बनाकर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. प्रदेश में तेजी से बढ़ते औद्योगिक निवेश और एमएसएमई सेक्टर के विस्तार को देखते हुए स्किल्ड मैनपावर की मांग भी बढ़ रही है. ऐसे में कौशल विकास कार्यक्रमों को रोजगार से जोड़ने की यह पहल उत्तर




प्रदेश को 1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.

### समयबद्ध हों सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम

बुधवार को उत्तर प्रदेश सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विभागीय योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन किया. उन्होंने कहा, 'स्किल डेवलपमेंट केवल प्रमाण पत्र देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसका अंतिम लक्ष्य युवाओं को रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ना होना चाहिए. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाए.

### आईटीआई आधुनिकीकरण और इंडस्ट्री लिंकिंग पर जोर

बैठक में आईटीआई के व्यापक आधुनिकीकरण पर विशेष चर्चा हुई. टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा, 'प्रशिक्षण को पूरी तरह इंडस्ट्री-ओरिएंटेड बनाया जाए, जिससे युवाओं को प्रशिक्षण के तुरंत बाद रोजगार मिल सके. इसके साथ ही डिलाइट इंडिया के साथ वर्चुअल प्रेजेंटेशन में नई तकनीकों के अनुरूप स्किलिंग को अपडेट करने की आवश्यकता पर बल दिया गया. उन्होंने निर्देश दिए कि आईटीआई और कौशल विकास केंद्रों में आधुनिक उपकरण, अत्याधुनिक लैब और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो सके.

### ड्रॉपआउट रोकने के लिए ठोस रणनीति

मंत्री अग्रवाल ने कौशल विकास मिशन और आईटीआई में बढ़ते ड्रॉपआउट को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके मूल कारणों की पहचान कर प्रभावी समाधान लागू किए जाएं. उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण पूरा कराने के लिए प्रोत्साहन तंत्र विकसित किया जाए. इसके तहत छात्रों के लिए नियमित इंडस्ट्री विजिट, ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजीटी) और ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग (डीएसटी) को बड़े स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए गए, ताकि युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी मिल सके.

### 'प्रोजेक्ट प्रवीण' और न्यू एज कोर्स पर फोकस

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित 'प्रोजेक्ट प्रवीण' की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे न्यू एज टेक्नोलॉजी आधारित कोर्स शुरू किए जाएं और उन्हें सीधे उद्योगों से जोड़ा जाए. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल कौशल प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करना है, जिससे वे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें. मंत्री अग्रवाल ने कहा, 'प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सफल छात्रों के अनुभव साझा कराए जाएं, ताकि नए प्रशिक्षुओं को प्रेरणा मिल सके. साथ ही सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए, जिससे युवाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके.'

## सुर्खियां.............

### पुराने माफिया हर गोविंद जैसारी की हत्या का हाई कोर्ट में खुल गया बहु चर्चित मामला

**जालौन।** अपने समय का बेहद चर्चित जैसारी डबल मर्डर केस एक बार फिर सुर्खियों में है। दशकों पुराने इस सनसनीखेज मामले में सजा बरकरार रहने के बावजूद अब सह-अभियुक्त की रिहाई को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका पर सुनवाई चल रही है, जिसे लेकर कानूनी और सामाजिक हलकों में खासा ध्यान केंद्रित हो गया है।

### भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास ने कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नाना महाराज मंदिर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास पंडित प्रदीप तिवारी ने कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन किया।

### भूसा मशीन से निकली चिंगारी से पराली में लगी भीषण आग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** छिरिया सलेमपुर और गुलाबपुरा मौजा में गुरुवार की सुबह भूसा मशीन से निकली चिंगारी से पराली में आग लग गई। इस दौरान करीब सौ बीघा में भूसा के लिए निकली पराली आग में जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## यूपी विधानसभा चुनाव में ये 24 जिले तय करेंगे कौन होगा सीएम? अखिलेश के दांव से चौंकी में



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव भले ही अभी कुछ दिनों के बाद हो, लेकिन महिला और जातिगत राजनीति का बिंदु चरम पर है. हर दल एक संदेश देकर जातिगत हित साधने में जुटा है. समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने जूही सिंह की जगह सीमा राजभर को महिला सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया तो वहीं बीजेपी ने इसे सलार मसूद से जोड़कर कहा कि राजभर हमारे साथ है. महिला राजनीति इन दिनों उत्तर प्रदेश की सियासत का प्रमुख बिंदु है. सीएम योगी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्षी विरोध के विरोध में निकलने वाली महिला पदयात्रा की अगुआई की और इस दौरान ओपी राजभर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते दिखे. वहीं अखिलेश यादव ने भी एक तीर से दो शिकार करते हुए दांव चला. पहले तो महिला सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा कर सीमा राजभर को बनाया, वहीं दूसरी ओर महिला शक्ति सम्मान के साथ राजभर हितैषी और पीडीए का संदेश प्रसारित कर दिया।

### 24 जिलों में राजभर वोटों को लेकर निभाता है प्रमुख भूमिका

गौरतलब है कि यूपी के पूर्वांचल में राजभर आबादी लगभग 4 प्रतिशत है और ऐसा माना जाता है कि 24 जिलों में राजभर अपने वोट को लेकर प्रमुख भूमिका निभाता है. निर्णायक भी होता है इसके प्रतिनिधि के तौर पर प्रमुख नेता ओपी राजभर जो कि कुछ दिनों पहले सपा के साथ थे, अब एनडीए के साथ जुड़कर मंत्री बनाए गए हैं. बीजेपी ये दावा कर रही है कि राजभर उसके साथ है, लेकिन अखिलेश यादव ने जब महिला शक्ति को साधने के साथ ही पीडीए का संदेश देते हुए राजभर को स्थान दिया वैसे ही बीजेपी ने कहा कि सालार मसूद को मानने वालों के साथ राजभर कभी नहीं जाएगा. चुनाव से पहले जातिगत गणित बैठाने में जुटी पार्टियों के एजेंडे में आधी आबादी के साथ जातीय गणित भी है. अब देखना ये होगा कि सपा और बीजेपी के राजभर दांव के बीच वोटरों को साधने में कौन सफल होता है.

## जातिवादी कांग्रेस ने रोकी यूपी की तरक्की

### दिल्ली जाते-जाते कार्यकर्ताओं को क्या पाठ पढ़ा गईं मायावती?

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (BSP) सुप्रीमो मायावती आज दिल्ली के लिए रवाना हो गईं, लेकिन जाने से पहले उन्होंने उत्तर प्रदेश की सियासत में एक नया बवंडर खड़ा कर दिया है.

सोशल मीडिया के जरिए जारी अपने संदेश में मायावती ने सीधे तौर पर कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लिया है. उन्होंने आरोप (Mayawati target Congress) लगाया कि उत्तर प्रदेश के विकास में कांग्रेस की 'जातिवादी मानसिकता' सबसे बड़ी रुकावट रही है, जिसके कारण बीएसपी सरकार की कई बड़ी योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकीं. मायावती ने अपने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे जनता के बीच जाकर यह बताएं कि यूपी में आज जो विकास दिख रहा है, उसकी नींव बीएसपी सरकार ने रखी थी. उन्होंने दावा किया कि नोएडा (जेवर) एयरपोर्ट और प्रदेश के तमाम बड़े एक्सप्रेस-वे की योजना और रूपरेखा उनकी सरकार के दौरान ही तैयार की गई थी. इसके साथ ही बसपा सुप्रीमों ने पूर्व क्क सरकार पर आरोप (Mayawati target Congress) लगाया कि अगर उस समय केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अपनी 'जातिवादी मानसिकता' के चलते अड़ंगे न लगाए होते, तो ये प्रोजेक्ट्स बहुत पहले ही पूरे हो चुके होते. मायावती ने दिल्ली जाने से पहले लखनऊ में हुई पिछली बैठकों (31 मार्च और 22 फरवरी 2026) का हवाला देते हुए कार्यकर्ताओं को फील्ड पर डटे रहने को कहा है. उन्होंने अपील की है कि बूथ स्तर तक जाकर लोगों को यह समझाया जाए कि यूपी का असली विकास केवल



'कानून द्वारा कानून का राज' और 'सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय' की नीति से ही संभव है, जैसा बीएसपी के शासनकाल में दिखा था. हाल ही में चर्चा में रहे महिला आरक्षण के मुद्दे पर भी मायावती ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है. उन्होंने साफ कहा कि 15 अप्रैल 2026 को मीडिया में जो स्टैंड पार्टी ने लिया था, उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के बहकावे में न आएं और न ही किसी तरह का धरना-प्रदर्शन करें. मायावती ने जोर दिया कि पार्टी का अनुशासन सर्वोपरि है और अनुशासन में रहकर ही इस स्टैंड को जनता तक पहुँचाना है.

## बीच सड़क 'लव ट्राएंगल' का विस्फोट : पति ने पत्नी और प्रेमी को रंगे हाथ पकड़ा, घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा

( यंग भारत न्यूज )

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना शहर के कोलगंवा थाना अंतर्गत गल्ला मंडी रोड पर उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक पति ने अपनी पत्नी को उसके कथित प्रेमी के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया।



इसके बाद बीच सड़क पर घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा, जिसे देखने के लिए राहगीरों की भारी हजूम इकट्ठा हो गया। वहीं सड़क पर हो रहे हंगामे की सूचना लगते ही कोलगंवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले को शांत कराते हुए कथित प्रेमी युवक को हिरासत में ले लिया है और जांच कार्रवाई में जुट गई है। झखौरा निवासी ऋषि वर्मा ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2019 में अनामिका वर्मा से हुई थी। ऋषि का आरोप है कि उसकी पत्नी का काफी समय से संजय नामक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। ऋषि ने बताया कि वह अपनी पत्नी की खराब सेहत के बावजूद सुबह उसके लिए खाना और दवा का इंतजाम करके काम पर गया था, लेकिन जब वह अचानक घर लौटा तो घर पर ताला लटका मिला। तलाश करने पर उसने अपनी पत्नी को गल्ला मंडी रोड पर संजय के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा और उसके कथित प्रेमी युवक को धर दबोचा, ? सड़क पर हंगामे की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने कथित प्रेमी युवक को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया, वहीं पति और पत्नी को भी पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया है। ऋषि का कहना है कि उसने पहले भी कई बार अपनी पत्नी को समझाते हुए रंगे हाथों पकड़ा था, लेकिन इस बार उसने सीधे पुलिस की मदद ली है। फिलहाल कोलगंवा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस जांच के बाद ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुराने माफिया हर गोविंद जैसारी की हत्या का हाई कोर्ट में खुल गया बहु चर्चित मामला




- सजा बरकरार रहने के बाद रिहाई की मांग, जैसारी डबल मर्डर केस फिर चर्चा में
- गैंगवार से जुड़ा यह हत्याकांड जिले में हुआ था खासा चर्चित
- सह अभियुक्त की रिहाई कराने का हाई कोर्ट में दायर हुआ है केस

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** अपने समय का बेहद चर्चित जैसारी डबल मर्डर केस एक बार फिर सुर्खियों में है। दशकों पुराने इस सनसनीखेज मामले में सजा बरकरार रहने के बावजूद अब सह-अभियुक्त की रिहाई को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका पर सुनवाई चल रही है, जिसे लेकर कानूनी और सामाजिक हलकों में खासा ध्यान केंद्रित हो गया है।

यह मामला जालौन जनपद के थाना डकोर क्षेत्र के ग्राम जैसारी से जुड़ा है, जहां हुए दोहरे हत्याकांड ने उस दौर में पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। इस प्रकरण में हरगोविंद राजपूत को दोषी ठहराया गया था। सत्र न्यायालय ने वर्ष 1980 में उसे सजा सुनाई थी। इसके बाद वर्ष 2003 में उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा। आगे चलकर वर्ष 2010 में सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस फैसले पर अपनी मुहर लगाते हुए सजा को यथावत रखा। मामले को उस समय और अधिक चर्चा तब मिली, जब अपील लंबित रहने के दौरान ही हरगोविंद राजपूत की हत्या हो गई। इसके बाद पूरा मामला लंबे समय तक शांत रहा, लेकिन अब सह-अभियुक्त रतन माली की रिहाई को लेकर दायर याचिका ने इसे फिर से चर्चा में ला दिया है। बताया जा रहा है कि रतन माली लंबे समय से आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसकी ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान अधिवक्ता वाई. डी. मिश्रा एवं शिवांगी चतुर्वेदी ने अदालत के समक्ष प्रभावी पैरवी की। उन्होंने तर्क दिया कि कैदी ने काफी लंबा समय जेल में बिताया है और वह राज्य सरकार की रिमिशन नीति के अंतर्गत रिहाई का पात्र है। अधिवक्ताओं ने न्यायालय से अनुरोध किया कि राज्य सरकार को इस मामले में समयबद्ध और निष्पक्ष निर्णय लेने के निर्देश दिए जाएं। वहीं, राज्य सरकार की ओर से मामले की गंभीरता का हवाला देते हुए इसे एक जघन्य डबल मर्डर केस बताया गया और रिहाई के विषय में अत्यंत सावधानी बरतने की बात कही गई। इस प्रकरण में अधिवक्ता वाई. डी. मिश्रा एवं शिवांगी चतुर्वेदी की सशक्त और प्रभावशाली पैरवी कानूनी जगत में चर्चा का विषय बनी हुई है। अब सभी की निगाहें उच्च न्यायालय के अगले आदेश पर टिकी हैं, जो इस लंबे समय से चले आ रहे मामले में अहम मोड़ साबित हो सकता है।

# भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास ने कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नाना महाराज मंदिर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास पंडित प्रदीप तिवारी ने कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन किया।

नाना महाराज मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास पंडित प्रदीप तिवारी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने बचपन के मित्र सखा श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और उनके महल की ओर बढ़ने लगे। द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं, यह संदेश द्वारिकाधीश को दीजिए। सुदामा के आने की खबर सुनकर श्रीकृष्ण नंगे पैर ही दौड़कर द्वार पर आए और बचपन के सखा सुदामा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उनके चरण धोए। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। बताया कि जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है, प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। इस मौके पर महंत विजय रामदासजी, पुजारी राधारमण, श्रीराम दौहालिया, अरुण मिश्रा, नीशू पाठक, हिम्मत सिंह, अरविंद गुप्ता बीनू, महेंद्र सिंह, राजू पुरवार, बंटे सोनी आदि रहे।

# भूसा मशीन से निकली चिंगारी से पराली में लगी भीषण आग

## दमकल कर्मियों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** छिरिया सलेमपुर और गुलाबपुरा मौजा में गुरुवार की सुबह भूसा मशीन से निकली चिंगारी से पराली में आग लग गई। इस दौरान करीब सौ बीघा में भूसा के लिए निकली पराली आग में जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गुरूवार की सुबह छिरिया सलेमपुर और गुलाबपुरा मौजे में गेंहू की फसल की कटाई के बाद पराली से भूसा मशीन द्वारा भूसा बनाया जा रहा था। मशीन से भूसा बनाते समय अचानक मशीन से निकली चिंगारी से पराली में आग लग गई। तेज हवा चलते आग ने तेजी पकड़ली देखते ही देखते करीब 100 बीघा खेत में आग की लपटें उठने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान आसपास खेतों में रखे पाइप और कृषि उपकरण भी जल गए। आग लगने से किसान नरेश कुशवाहा, सोबरन सिंह, मलखान कुशवाहा आदि को नुकसान हुआ है

# कानाखेड़ा में एक सैकड़ा से ज्यादा ग्रामीणों ने पावर हाउस पहुंचकर किया विरोध प्रदर्शन

( यंग भारत न्यूज )



**पैलानी/बांदा।** पैलानी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कानाखेड़ा पावर हाउस की सालों से खराब विद्युत मशीनों की वजह से काना खेड़ा फीडर से ग्रामीण बहुत ज्यादा परेशान विद्युत विभाग के जे ई; और एसडीओ ग्रामीणों का नहीं उठाते फोन काना खेड़ा के एक सैकड़ा से ज्यादा ग्रामीणों ने पावर हाउस पहुंचकर प्रदर्शन किया बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विभागीय अधिकारियों से कानाखेड़ा फीडर की जर्जर मशीनों को तुरंत बदलने व फीडर को अलग करने की मांग किया जिससे कि विद्युत आपूर्ति बहाल हो और बेसमय कट की समस्या न हो । कानाखेड़ा के ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि हमारे यहां का विद्युत फीडर महज शोपीश बनकर रह गया । पिछले दो सालों से पावर हाउस की मशीन जर्जर हालत में हैं आए दिन खराब हो जाती हैं जिससे हम लोग इस भीषण गर्मी में परेशान रहते हैं ।कई बार विभाग के जे ई और एसडीओ साहब को लिखित में दिया लेकिन आज तक मशीनों को नहीं बदला गया ।अगर बिजली विभाग के अधिकारियों ने जल्द ये काम नहीं कराया तो ग्रामवासी जिलाधिकारी बांदा के यहां धरना प्रदर्शन कर उनको अवगत कराएंगे इस दौरान पंकज यादव (पूर्व प्रधान) रमेश सिंह गौतम;रामप्रसाद कुशवाहा; हाकिम चौहान; रामनरेश साहू;दीपक कच्छवाह; ज्ञान चौहान; कल्लू चौहान;भूरा साहू; सहित सैकड़ों कानाखेड़ा निवासी मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद ने कम्पोजिट विद्यालय में निशुलक कॉपियां व पेंसिल वितरित की

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा के पदाधिकारियों ने कम्पोजिट विद्यालय तोपखाना में बच्चों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें निशुलक कॉपियां व पेंसिल वितरित की। कॉपी व पेंसिल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा के अध्यक्ष सुशील बाजपेयी, डॉ. वेद प्रकाश शर्मा, दीपक श्रीवास्तव, अशोक कुमार गुप्ता, डॉ. ब्रजेंद्र दुबे, राजीव महेश्वरी, धर्मेंद्र मिश्रा आदि कंपोजिट विद्यालय तोपखाना में पहुंचे। जहां उन्होंने विद्यालय में उपस्थित बच्चों को हिंदी, अंगेजी और गणित विषय की चार कॉपियां निशुल्क वितरित कीं। भारत विकास परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें सम्मानित करना गर्व का विषय है। आगे चलकर इन्हीं बच्चों के हाथों में देश का भविष्य होगा। इसलिए उन्हें ऐसा वातावरण दें कि वह देश के विकास में सकारात्मक योगदान दे सकें। भारत विकास परिषद उन्हें कॉपियां और पेंसिल उपलब्ध कराकर एक छोटा सा योगदान कर रही है। इस दौरान बच्चों को माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया और विद्यालय में पढ़ने वाले 70 छात्रों को निशुल्क कॉपी और पेंसिल दी गईं। निशुल्क कॉपियां और पेंसिल पाकर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर शैलेंद्र चंसोलिया, अभिषेक गोस्वामी, पवन प्रजापति, हिमांशु पुरवार, देवी चरण प्रजापति, कल्पना बाजपेयी, सुनीता शर्मा, युव बजाज आदि रहे।

# 24 को नहीं 29 को बाधित रहेगी शहर व गांवों की जलापूर्ति

( यंग भारत न्यूज )

**बाँदा।** होमगार्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुये जलसंस्थान के अधिशाषी अभियन्ता ने 24 अप्रैल को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की जलापूर्ति बाधित होने की सूचना के बाद आज कहा है कि अब 28 अप्रैल को जल संधोन संयंत्र 500 एमएम व्यास की एसी पाइप लाइन से इंटरकनेक्शन का कार्य किया जायेगा। नगर के अन्तर्गत भूरागढ़ इण्टेकवेल से सिविल लाइन जोन, कटरा जोन एवं खण्डेह इकाई की जल संधोन सयत्र 500 एम.एम. व्यास की ए0सी0 पाइप लाइन से इन्टरकनेक्शन का कार्य उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), बांदा द्वारा रेलवे लाइन के नीचे 24 अप्रैल 2026 को किया जाना था, किन्तु होमगार्ड की परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कार्य करने में संशोधन करते हुए 28 अप्रैल 2026 को इन्टरकनेक्शन का कार्य किया जायेगा, जिसके कारण 29 अप्रैल 2026 को नगर/ग्रामीण क्षेत्र की जलापूर्ति बाधित रहेगी। बांदा नगर के क्योटरा, इन्दिरा नगर, जरैली कोठी कटरा, बंगालीपुरा, सिविल लाइन, स्वराज कालोनी, शान्ति नगर, छावनी, बाकरगंज, बन्योटा आशिक भूरागढ़, नगर पंचायत मटौंध, ग्राम त्रिवेणी, अछरौड, उजरेहटा, मरौली आदि क्षेत्र की जलापूर्ति बाधित रहेगी।

# माह पर पूर्व सड़क हादसे के जिम्मेदार ट्रेक्टर चालक पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** एक माह पूर्व लौना मार्ग पर ट्रैक्टर ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने के कारण स्कूटी सवार आठ वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर व उसके चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी मुकेश कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि उनका आठ वर्षीय बेटा सुयश सिंह 24 मार्च को अपने मामा आदर्श कुमार के साथ स्कूटी पर पीछे बैठकर जालौन से धंतौली जा रहा था। जैसे ही वह लौना रोड पर इंडेन गैस एजेंसी के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने केबाबू होकर स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में उनका बेटा और भांजा दोनों घायल हो गए। दोनों को घायल अवस्था में राहगीरों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। बेटे को अधिक चोट आने की वजह से पहले उर्सला कानपुर फिर रीजेंसी कानपुर में रेफर किया गया। जहां बेटा का हाथ तक काटना पड़ा। इसके बाद भी हालत में सुधार न होने पर उसे दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराना पड़ा। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर व उसके चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# बोरियों के अभाव में खुले आसमान के नीचे रखा 1000 कुंतल गेहूं

## अपर जिलाधिकारी ने पीसी एफ के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से केंद्र पर बोरियों को पहुंचाने को लेकर दिया सख्त निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



पैलानी/बांदा । पैलानी तहसील अंतर्गत खप्टिहाकला स्थित पी सी एफ द्वारा संचालित गेंहू खरीद केंद्र पर बोरियों व ई पास मशीन के अभाव में किसानों का 1000 कुंतल गेहूं खुले आसमान में रखा हुआ है। किसानों आसाराम सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, अंकित सिंह तोमर,अनुज शुक्ला, बच्चू शुक्ला,दुर्गा पांडे आदि ने बताया कि करीब बीस दिनों से किसानों का एक हजार कुंतल गेहूं खुले आसमान में रखा हुआ है अभी तक किसी भी तहसील के अधिकारियों ने इस केंद्र पर बोरियों व ई पास मशीन पहुंचाने की जिम्मेदारी नहीं निभाई। वहीं केंद्र संचालक सुनील सिंह लाल ने बताया कि जियो टैगिंग हो चुकी है लेकिन ई पास मशीन व बोरियां नहीं आई है इस कारण गेंहू की खरीद नहीं हो पा रही है।अपर जिलाधिकारी वित्त/ राजस्व कुमार धर्मेन्द्र ने बताया कि उन्होंने किसानों की समस्या को दूर करने के लिए तत्काल पी सी एफ के अधिकारियों को बोरियां व ई पास मशीन तत्काल प्रभाव से केंद्र पर भेजे जाने को लेकर निर्देशित किया है।

# मिट्टी की उर्वरता और किसानों की आय बढ़ाने को लेकर योगी सरकार तत्पर




- -फसल अवशेष न जलाने की प्रदेश सरकार की विशेष अपील
- -पराली जलाना अब पड़ेगा भारी, उल्लंघन करने वालों पर लगेगा जुर्माना
- -पर्यावरण की रक्षा और किसान की उन्नति ही सरकार की प्राथमिकता

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदूषण मुक्त उत्तर प्रदेश और समृद्ध किसान के विजन को धरातल पर उतारने के लिए बांदा जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आर्थिक उन्नति को प्राथमिकता देते हुए उप कृषि निदेशक ने जनपद के किसानों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि पराली जलाना न केवल दंडनीय अपराध है बल्कि यह धरती की सेहत के लिए भी नुकसानदेह है।

## उल्लंघन करने वालों पर हो सकती है कार्रवाई व जुर्माना

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पराली जलाना राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के नियमों का सीधा उल्लंघन है। सरकार के अनुसार अब पराली जलाने पर भारी जुर्माना वसूला जाएगा जिसमें 2 एकड़ से कम भूमि पर 5000 रुपये, 2 से 5 एकड़ की भूमि पर 10000 रुपये व 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 30000 रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं जिला प्रशासन ने सभी किसान भाइयों से पुरजोर अपील की है कि वे स्वयं पराली न जलाएं और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें। यदि कोई भी व्यक्ति इन नियमों की अनदेखी करता पाया गया तो उसके विरुद्ध तत्काल कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। योगी सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है कि पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ किसान की उन्नति भी हो।

## खेतों में पराली मिलाने से बढ़ेगी सोने जैसी चमक

बांदा के उप कृषि निदेशक डॉ अजय कुमार ने किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेषों और घास-फूस को जलाने के बजाय खेत की हार्वेस्टर से गहरी जुताई कर उन्हें मिट्टी में ही मिला दें। ऐसा करने से मिट्टी में कार्बनिक तत्वों और जो किसानों के मित्र कीट होते हैं व लाभकारी कृषि मित्र सूक्ष्म जीवों की संख्या बढ़ती है। जिससे जमीन की उर्वरता प्राकृतिक रूप से बेहतर होती है। इन्होंने कहा कि इससे न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि खाद-उर्वरकों पर होने वाले खर्च में भी कमी आएगी। जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

# न्यायिक अधिकारियों ने जिला कारागार का भ्रमण कर किया विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी ने आज जिला कारागार उरई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एवं साप्ताहिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ–तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी ने बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान–पान इत्यादि के बारे में जाना–परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग–अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें, जिन बन्दी की जमानत हो गई हो पर जमानतदार की उपलब्धता ना होने पर जेल में अब भी निरूद्ध है वो भी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल की सुविधा ले सकते है। इसीप्रकार जो बन्दी दोषसिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये।

विधिक साक्षरता शिविर की अध्यक्षता करते हुये सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी ने विधिक शिविर का शुभारम्भ वृक्षारोपण कर किया गया तथा उन्होंने स्थायी लोक अदालत/लीगल एड डिफेंस सिस्टम, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार के बारे में भी जानकारी दी। अस्सिटेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल अभिषेक पाठक ने इस मौके पर बन्दियों को प्ली–वार्गेनिंग स्कीम, समयपूर्व रिहाई और बन्दियों के अधिकारों के सम्बन्ध में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई विचाराधीन बन्दी अधिकतम 07 वर्ष तक की सजा के मामलों में विचाराधीन है, तो जिन्होंने सजा के तौर पर कुछ अवधि जेल में बिता ली हो, वह पीड़ित पक्ष से समझौता कर उसे उचित मुआवजा देकर अपनी सजा न्यायालय से कम करा सकते है, लेकिन इस योजना का लाभ उनको नहीं मिलेगा जिन्होंने देश के विरूद्ध, महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध अथवा आर्थिक अपराध किया हो। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, उप कारापाल अमर सिंह एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालौन के डाटा इण्ट्री ऑपरेटर श्री दीपक नरायण भी उपस्थित रहे।

# जनपद में होमगार्ड्स भर्ती परीक्षा की तैयारियां पूर्ण, डीएम-एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

## 25 से 27 अप्रैल तक दो पालियों में होगी परीक्षा, 9 केंद्रों पर कड़ी निगरानी और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। होमगार्ड्स इनरोलमेंट–2025 परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आचार्य नरेन्द्र देव इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, दयानंद वैदिक महाविद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज तथा गांधी इंटर कॉलेज में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, परीक्षार्थियों की बैठने की योजना और सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से जांच की गई।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, छाया और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही सभी अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, फ्रिस्किंग और सीसीटीवी निगरानी के मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए।यह परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल 2026 को आयोजित होगी, जिसमें प्रथम पाली सुबह 10:00 से 12:00 बजे तथा द्वितीय पाली दोपहर 3:00 से शाम 5:00 बजे तक संचालित की जाएगी। जनपद में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सजगता और ईमानदारी से करें, ताकि यह परीक्षा जनपद में निष्पक्ष और आदर्श रूप में संपन्न हो सके।

# भारत मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को किया भेंट



**उरई ( जालौन )**।भारत मुक्ति मोर्चा ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति एवं केन्द्र सरकार को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट किया।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भेंट करते हुए भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं संयोजक धर्मेंद्र कुमार कदौरा, वरिष्ठ नेता रामबाबू चौधरी, आर. बी. कुशवाहा अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, भरत कुमार लुटेरे प्रदेश अध्यक्ष, दीपक सिंह, सुन्दर लाल, एल.आर. अटल अध्यक्ष राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा संघ, सत्यनारायण, रामदास मोहाना, गफ्फार खां, अजय कुमार सिंह आदि ने ज्ञापन के माध्यम से मांग उठाई है कि केन्द्र सरकार द्वारा कैबिनेट में ओबीसी की जाति आधारित जनगणना का फैसला करने के बावजूद भी जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी की जातियों का कालम नहीं दिया गया है तथा घोषित करने के बाद भी ओबीसी की जाति का कालम नहीं दिया जाना ओबीसी के साथ धोखेबाजी है इस लिए इस साल से होने वाली जनगणना में ओबीसी की जाति का कालम बढ़ाया जाये। पहले कमजोर यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाना और फिर सुप्रीमकोर्ट में कमजोर पैरवी करके उस पर रोक लगवाना एससी–एसटी ओबीसी के साथ धोखेबाजी है।इस लिए एससी–एसटी,ओबीसी के समर्थन में सख्त यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाकर लागू किया जाये इसके साथ ही 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी से मुक्त किया जाने की मांग उठाई है।

# इनरव्हील क्लब गोल्डन कल्याणी का चेयरमैन विजिट कार्यक्रम सम्पन्न, सेवा कार्यों पर जोर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई**। शहर के जालौन रोड स्थित एक विवाह घर में इनरव्हील क्लब ऑफ गोल्डन कल्याणी द्वारा चेयरमैन विजिट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्लब की चेयरमैन डॉ. सुरुचि सक्सेना मौजूद रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अनीता निरंजन द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद क्लब की प्रेसिडेंट अर्चना द्विवेदी ने मुख्य अतिथि सहित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए क्लब की वर्षभर की गतिविधियों और सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीजीआर अरुणा सक्सेना, चार्टर प्रेसिडेंट कल्पना कनकने, आई पी पी संगीता द्विवेदी, सेक्रेटरी ऊषा सिंह, ट्रेजरर मीनल इतोंदिया, आईएसओ श्वेता अग्रवाल, एडिटर शांति गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन ( एंकरिंग ) संगीता द्विवेदी ने प्रभावी ढंग से किया। मुख्य अतिथि डॉ. सुरुचि सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि इनरव्हील क्लब समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरतमंदों की सहायता जैसे क्षेत्रों में लगातार सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने 'प्रभु आईए' प्रोजेक्ट को एक अनूठी पहल बताते हुए कहा कि यह समाज के वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। उन्होंने क्लब की सभी सदस्याओं से इसी तरह एकजुट होकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 'प्रभु आईए' को क्लब का एक यूनीक प्रोजेक्ट बताया गया, जिसमें उरई गोल्डन कल्याणी द्वारा पूरे वर्ष योगदान किया जाता है। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# भीषण गर्मी से बचाव के लिए सतर्क रहें- जिलाधिकारी की जनपदवासियों से अपील

## हीटवेव से सुरक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद, जनसहभागिता जरूरी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। जनपद में बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव (लू) के खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपदवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस दौर में थोड़ी सी लापरवाही स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, इसलिए सभी नागरिक सावधानी अपनाते हुए प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें।

जिलाधिकारी ने कह कि हीटवेव का सबसे अधिक प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों और खुले में कार्य करने वाले मजदूरों व किसानों पर पड़ता है। ऐसे में दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें तथा शरीर को हाइड्रेट रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक पानी, ओआरएस, छाछ, लस्सी, नींबू पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें और हल्के, ढीले व सूती कपड़े पहनें। जिलाधिकारी ने कहा कि तेज धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखें तथा धूप में काम करने की स्थिति में समय–समय पर छांव में विश्राम अवश्य करें। विशेष रूप से खेतों और निर्माण स्थलों पर कार्य करने वाले श्रमिकों को पर्याप्त पानी, छाया और विश्राम की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हीटवेव से बचाव हेतु सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए बेड, दवाइयों, ह्न्न्र और एम्बुलेंस की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं नगर निकायों को सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल, वाटर कूलर और छाया की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि विद्यालयों के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन, श्रमिकों के कार्य समय में समायोजन, पशुओं के लिए पानी व छाया की व्यवस्था तथा पेयजल आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बस अड्डों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि अत्यधिक तापमान के प्रभाव को देखते हुए फसलों की समय पर कटाई करें, हल्की सिंचाई बनाए रखें तथा कृषि विभाग द्वारा जारी सलाह का पालन करें, जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित न हो। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह तैयार है, लेकिन हीटवेव से प्रभावी बचाव तभी संभव है जब जनसामान्य भी सजग और जागरूक रहें। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की लू लगने के लक्षण जैसे चक्कर आना, तेज बुखार, उल्टी या कमजोरी महसूस होने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

# वामपंथी दलों के नेताओं ने मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

## राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को किया भेंट

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। वामपंथी दलों के नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर उत्तर प्रदेश में जनांदोलन के दमन एवं लोकतंत्र के अधिकारों पर हमले रोकने को लेकर प्रदर्शन कर बाद राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट किया।

इस मौके पर भाकपा माले नेता का. राजीव कुशवाहा, का. रामसिंह चौधरी, सीपीआईएम कमलाकांत वर्मा, छन्नूलाल वर्मा, का. कमलेश कुमार, का. विनोद कुमार नगरिया, का.सतीशचंद्र, का. विजय सिंह राठौर, का. देवेश चौरसिया, का. विनय पाठक, का. सुधीर अवस्थी आदि लोगों ने मांग उठाई है कि प्रदेश में राजनीतिक , संगठनों द्वारा जनता की जायज मांगों को लेकर किये जाने वाले शांतिपूर्ण धरना, प्रदर्शन को रोका न जाए तथा प्रशासन द्वारा भेदभावपूर्ण व्यवहार न किया जाए, नोएडा और अन्य जगहों पर श्रमिको के वेतन वृद्धि तथा श्रम कानून को लागू करने की मांगों को लेकर चलायें जा रहे आंदोलन पर दमन बंद कर उसकी जायज मांगों को पूरा किया जाये, उन्होंने मांग की है नोएडा में आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किये गये मजदूर और मजदूर नेताओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को तत्काल रिहा किया जाये तथा उन पर कायम किये गये फर्जी मुकदमे वापस लिए जाये, वामपंथी दलों के नेताओं ने मांग की है कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में जन संगठनों तथा विपक्षी दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं को बेवजह गिरफ्तार करना, हाउस अरेस्ट करना, उन पर शांतिभंग का मुकदमा करना, फर्जी धाराओं में जेल भेजना पुलिस के लिए आम बात हो गयी है जिसे सख्ती के साथ रोके जाने की मांग उठाई है।

# अलग-अलग स्थान में दो घरों में लगी आग को दमकल कर्मियों ने बुझाया

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी–उरई**। गुरुवार को अलग–अलग दो स्थानों में आग लगने की घटनाएं हो गई। सूचना पाकर भारी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग बुझाने में कामयाबी हासिल की।

तहसील क्षेत्र के ग्राम लोहार गांव में दोपहर को सुंदर के घर में आग सुलगने लगीं देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर अग्निशमन केंद्र कालपी के प्रभारी मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में फायरमैनो ने दमकल वाहन ले जाकर आग पर काबू पाया। इसके पहले गांव चातेला भारत सिंह कुशवाहा के घर के पास लगी आग को दमकल विभाग की टीम ने पहुंचकर आग को बुझाने में सफलता हासिल की। गर्मी शुरू होते ही आग की घटनाओं में वृद्धि होने लगी है।

# खाद्यान्न का वितरण 24 अप्रैल से 8 मई के माध्यम किया जायेगा-जिलापूर्ति अधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ. प्र. , जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्र 22 अप्रैल 2026 के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय/पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को माह मई, 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 24 अप्रैल 2026 से 08 मई 2026 के मध्य कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत जनपद में अन्त्योदय अन्न योजना के राशन कार्डों पर प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेंहू व 21 किग्रा0 चावल ( कुल 35 किग्रा0 ) का वितरण कराया जायेगा तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अंतर्गत जनपद में पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्ड धारकों/लाभार्थियों को 02 किग्रा0 गेंहू एवं 03 किग्रा0 चावल ( कुल 05 किग्रा0 ) खाद्यान्न प्रति यूनिट नि:शुल्क वितरित किया जायेगा। आवश्यक वस्तुओ के वितरण का कार्य प्रात: काल 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक किया जायेगा। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 08.05.2026 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। अन्त्योदय तथा पात्रगृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक–01.01.2024 से आगामी 05 वर्ष तक नि:शुल्क खाद्यान्न वितरित कराये जाने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। उक्त आवश्यक वस्तुओं का वितरण नामित समस्त नोडल अधिकारियों की उपस्थित में किया जायेगा। अत: समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि उक्त अवधि में नियमित दुकान खोलकर कार्डधारकों को नियमानुसार खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण करना सुनिश्चित करें तथा जनसामान्य के सूचनार्थ उपरोक्त सूचना दुकान पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें ताकि कार्डधारकों को विधिवत जानकारी हो।

# गाजीपुर में निशा विश्वकर्मा हत्याकांड को लेकर 24 को सपा सौंपेंगी डीएम को ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। गाजीपुर में निशा विश्वकर्मा की हत्या के मामले को लेकर समाजवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन पर पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने उसके गांव गया था। गांव के प्रधान आशुतोष सिंह ने गांव वालों के साथ मिलकर समाजवादी डेलीगेट (प्रतिनिधि मंडल) के ऊपर पथराव कर दिया जिसमें अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा सहित अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा जालौन के जिलाध्यक्ष महेश चंद्र विश्वकर्मा के नेतृत्व में कल 24 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे विश्वकर्मा समाज के लोग जिला अधिकारी कार्यालय उरई पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे ।

# ससुराल के बाहर संदिग्ध हालत में युवक की मौत, जहर सेवन की आशंका

( यंग भारत न्यूज )



**उरई**। उरई के मोहल्ला इंदिरा नगर में गुरुवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक अपने ससुराल के बाहर अचेत अवस्था में पड़ा मिला, जिसे परिजन तुरंत मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी में मौत का कारण जहर का सेवन बताया जा रहा है।

मृतक की पहचान अनिल अहिरवार (35 वर्ष) पुत्र रामबाबू, निवासी ग्राम हरदोई गुर्जर, थाना क्षेत्र एट के रूप में हुई है। बताया गया है कि वर्ष 2019 में उसकी शादी उरई कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर निवासी युवती से हुई थी, जिससे उसके दो बच्चे भी हैं। पिछले कुछ समय से पति–पत्नी के बीच विवाद चल रहा था, जिसके चलते पत्नी अपने मायके में रह रही थी। परिजनों के अनुसार, गुरुवार दोपहर युवक अपने गांव से उरई आया और ससुराल के बाहर पहुंचा, जहां वह अचानक अचेत होकर गिर पड़ा। ससुराल पक्ष द्वारा उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला जहर सेवन का प्रतीत हो रहा है और संभावना है कि युवक पहले ही जहर खाकर वहां पहुंचा था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# शादी समारोह में डांस के दौरान घराती और बारातियों के बीच हुई मारपीट का मामला

## डीजे पर बज रहे गानों को लेकर हुए विवाद का मामला

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** आसपास स्थित गेस्ट हाउस और स्कूल में आयोजित शादी समारोह में डीजे पर बज रहे गानों को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद के मामले का पुलिस ने स्वत: संज्ञान लिया। चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों के 12 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना स्थित शिवानी गार्डन गेस्ट हाउस में में मंगलवार की रात सेंगर कॉलोनी निवासी अरूण प्रताप सिंह के यहां शादी समारोह था। उसी रात पास में ही स्थित डॉ. अंबेडकर इंटर कॉलेज में कढ़ोरे राठौर के यहां भी शादी का कार्यक्रम आयोजित हो रहा था। रात करीब एक बजे डीजे पर बज रहे गानों को लेकर अचानक दोनों पक्षों के बीच विवाद होने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग लाठी, डंडे और बेल्टों से एक दूसरे पर हमलावर हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच पत्थर भी चलने लगे। दोनों पक्षों के बीच हो रही मारपीट का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। लेकिन पुलिस को देखते ही उपद्रव कर रहे लोग वहां से भाग गए थे। मामले को लेकर दोनों पक्षों में से किसी ने भी कोतवाली में तहरीर नहीं दी थी। जिसके बाद पुलिस ने स्वत: ही मामले को संज्ञान में लिया और चौकी प्रभारी मनीष तिवारी ने वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 12 लोगों के खिलाफ नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**दोनों पक्षों के 12 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

एक पक्ष से सेंगर कॉलोनी निवासी अरुण प्रताप सिंह राजावत, चौधरयाना निवासी निशांत व वैभव मिश्रा, चुर्खीबाल निवासी आदेश पटेल, भवानीराम निवासी अमर प्रताप श्रीवास्तव उर्फ एपी व अक्षय तोमर, कछोरन निवासी राघवेंद्र यादव एवं दूसरे पक्ष से तोपखाना निवासी रामशरण उर्फ कढ़ोरे राठौर व रविंद्र राठौर, रापटगंज निवासी संतोष राठौर, कैलिया थना क्षेत्र के ग्राम इटौरा निवासी अरविंद राठौर, कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम दबखाई निवासी नीलेश राठौर के अलावा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि 12 नामजद व कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। तीन लोगों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। शेष लोगों की भी तलाश की जा रही है।

# बिजली संकट से परेशान किसानो ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** क्षेत्र में बिजली संकट को लेकर किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।भारतीय किसान यूनियन से जुड़े किसानों ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को ज्ञापन सौंपकर विद्युत आपूर्ति की गंभीर समस्या उठाई। किसानों का कहना है कि इस समय मूंग सहित अन्य फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, जिससे फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं।किसानों ने बताया कि उन्होंने विधिवत कृषि विद्युत कनेक्शन ले रखा है, इसके बावजूद भी बिजली न के बराबर मिल रही है। कई बार विद्युत विभाग से शिकायत कर आपूर्ति बढ़ाने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे किसानों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है।ज्ञापन में किसानों ने बुंदेलखंड पैकेज का भी जिक्र किया, जिसके तहत क्षेत्र में पर्याप्त बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं।किसानों का आरोप है कि कागजों में योजनाएं चल रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। साथ ही क्षेत्र की विद्युत लाइनें काफी जर्जर हो चुकी हैं, जिनमें आए दिन फॉल्ट होते रहते हैं। इससे सिंचाई कार्य बार-बार बाधित होता है और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।किसानों ने एसडीएम से मांग की है कि प्रतिदिन कम से कम 18 घंटे नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और जर्जर लाइनों व तारों को तत्काल बदला जाए।वही किसानो ने यह भी कहा कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।ज्ञापन देने वालो में भाकियू तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह,अतर सिंह, प्रमोद कुमार, अभिषेक, सतीश पटेल, नमोनारायण, गोपाल, सुभाष, राहुल, रानू यादव, शत्रुधन पटेल, नीरज पटेल, देवेंद्र निरंजन सहित क्षेत्र के तमाम किसान मौजूद रहे।

# आमने-सामने भिड़ीं बाइको में, दो युवक गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** सर्किल के थाना नदीगांव में नदीगांव ब्लॉक के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ककरौली निवासी शैलेंद्र उम्र 40 वर्ष पुत्र खुमान सिंह और केशव उम्र 25 वर्ष पुत्र बलबीर सिंह, अपनी मोटरसाइकिल से ककरौली से नदीगांव की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे नदीगांव ब्लॉक के पास पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उनकी सीधी टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर छिटककर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल कोंच के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना है।घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच प्रारंभ की।

# पति-पत्नी के बीच का विवाद मिशन शक्ति टीम ने सुलझाया

## दोनो हंसी खुशी अपने घर गए

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** मिशन शक्ति टीम ने एक पीड़िता की शिकायत का यथोचित निराकरण कर पूरे परिवार को बिखरने से बचाया। इस सराहनीय कार्य में मिशन शक्ति टीम प्रभारी/कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, महिला उपनिरीक्षक भारती सिंह और महिला आरक्षी अर्चना केशरवानी की अहम भूमिका रही।मामले के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुरावती निवासी महिला रंजना देवी ने पति जितेंद्र कुमार पर शराब के नशे में गाली गलौज कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायती पत्र दिया था।क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद एवं प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम प्रभारी विमलेश कुमार ने तत्काल ही शिकायती पत्र को संज्ञान में लेकर महिला उपनिरीक्षक एवं आरक्षी के साथ मिलकर पीड़िता से वार्ता की। तदोपरांत आरोपी पति जितेंद्र कुमार सहित दोनों पक्षों के कुछ लोगों को कोतवाली बुलाकर समझाया गया जिसके बाद पीड़ित महिला सहित उसके पति के बीच सुलह समझौता हो गया। सुलह के उपरांत दोनों पति-पत्नि हंसी खुशी अपने घर को चले गए और इस तरह से एक परिवार बिखरने से बचा लिया गया।मिशन शक्ति की इस पहल की चारो तरफ प्रशंसा हो रही है।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा : अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार दो युवकों की मौत

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाईक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 174/3 पर स्थित केथेरी टोल प्लाजा के पास की है, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक बाइक समेत डिवाइडर से जा टकराए और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पेट्रोलिंग टीम ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर उरई कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक गाजियाबाद से चित्रकूट की ओर जा रहे थे। मृतकों में एक युवक चित्रकूट जनपद का निवासी था, जबकि दूसरा कौशांबी जनपद का रहने वाला बताया गया है। दोनों गाजियाबाद में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच की जा रही है।मरने बाले युवकों में पुष्पराज (19वर्ष )निवासी ग्राम लोहारी खुर्द थाना करबी जनपद चित्रकूट, गाजियाबाद में अपनी बहिन के यहाँ रह कर इंटर मीडियट की पढ़ाई कर रहा था वुधबार की रात वह अपने मामा के लडके नितिन ( 19 वर्ष ) निवासी जनपद कौशाम्बी के साथ बाईक से चित्रकूट के लिए निकला था, तड़के चार बजे के करीब यह दर्दनाक हादसा हो गया।

# जनगणना 2026 के द्वितीय चरण में तीन सौ कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** भारत सरकार की योजना के तहत गुरुवार से एमएसवी इंटर कॉलेज कालपी में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में भारत की जनगणना 2026 द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। पहले दिन तीन सौ कार्मिकों ने जनगणना का प्रशिक्षण हासिल किया।

विद्यालय के 6 अलग-अलग कक्षों में प्रशिक्षार्थियों के लिए भारत की जनगणना 2026 के द्वितीय चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। एसडीएम मनोज कुमार सिंह, नायब तहसीलदारों चंद्र मोहन शुक्ला मुकेश कुमार, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चौधरी की मौजूदगी में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चरण तीन - तीन सौ कार्मिकों को प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 5 एवं 11 के तहत सुपरवाइजरों को नियुक्त किया गया है। नामित प्रशिक्षण के द्वारा प्रथम चरण में 3 सौ कार्मिकों को जनगणना का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। पूर्णता डिजिटल जनगणना की व्यवस्था कराई गई है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार,चंद्र मोहन शुक्ला के अलावा विधालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापना के लिए यमुना किनारे 5000 वर्ग फुट भूमि आवंटित

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** यमुना नदी में निर्मल एवं स्वच्छ जल के लिए शासन के द्वारा कार्यक्रम गतिशीलता से शुरू कर दिया गया है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने नगर पालिका परिषद कालपी के पत्र के आधार पर स्वच्छ भारत मिशन 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत स्पेशल ट्रीटमेंट प्लांट योजना के प्रस्तावित निर्माण कार्य के लिए राजस्व भूमिका चिन्हित करके आवंटन प्रक्रिया शुरू कर दी है। अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो जल्द ही यमुना किनारे स्पेशल ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित हो जाएगा। गुरुवार को जल निगम के अवर अभियंता महावीर राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल जितेंद्र सिंह के साथ निरीक्षण की उपरोक्त जानकारी देते हुए उपजिलाअधिकारी ने बताया कि राजस्व ग्राम तारीबुल्दा परगना कालपी जनपद जालौन के खतौनी खाता संख्या 77 गाटा संख्या 67/1 रकवा 2.953 हे भूमि बीहड़ के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि में से स्वच्छ भारत मिशन योजना के लिए 0.5000 वर्ग मीटर पूर्व में प्रस्तावित की गई थी। जो वर्तमान में खतौनी मे दर्ज है का स्थलीय निरीक्षण किया गया। प्रस्तावित भुमि कालपी से रायड़ दिवारा लिंक मार्ग स्थित है। जे ई जल निगम महावीर की उपस्थिति में 42 मी 120 मी कुल 5000 वर्ग मी भूमि का चिन्हीकरण कर दिया गया है।

# प्लाट को लेकर हुए विवाद में मारपीट, दो गंभीर रूप से घायल

## महिला ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना में प्लाट को लेकर हुए विवाद में दो गंभीर रूप से घायल हो गए।एक महिला ने तीन लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मोहिनी पत्नी सोनू, निवासी ग्राम लौना ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 22 मार्च की शाम जव वह कैलिया बाईपास के पास स्थित अपने प्लॉट पर काम करवा रही थीं और निर्माण सामग्री लेने गई थीं। मोहिनी के बताया उसी दौरान शैलेंद्र पुत्र रमाकांत, सुभाष पुत्र रमाकांत और रमाकांत वहां पहुंचे और कथित रूप से उनके भाई तथा पप्पू नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट करने लगे। जिससे दोनों घायल हो गए, वही आरोप है कि तीनों ने मिलकर दोनों के साथ हाथापाई की और मौके पर मौजूद कारीगरों को भी काम न करने की धमकी दी।महिला का कहना है कि घटना के बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को लेकर थाना प्रभारी को शिकायत सौंप दी गई है।वही कोतवाली पुलिस ने प्रार्थनापत्र पर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# सड़क किनारे लगे झाड झक्कड को शीघ्र हटाने के पालिकाध्यक्ष ने दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर के तिलक नगर वार्ड नंबर 9 में मुख्य बाजार से पंचानन चौराहा बाईपास मार्ग को जोड़ने वाले व्यस्तम मार्ग पर सड़क किनारे लगी कांटेदार झाड़ियों को लेकर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सख्त नजर आए बीते दिनों इन झाड़ियों की वजह से कई राहगीर चोटिल हो गए थे जिसके बाद मामले का संज्ञान लेते हुए उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मार्ग नगर का एक प्रमुख एवं व्यस्त मार्ग है जहां से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है सड़क के किनारे फैली कांटेदार झाड़ियों के कारण पैदल चलने वाले लोगों व दोपहिया वाहन चालकों तथा स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिससे कई लोग इन झाड़ियों से टकराकर घायल भी हो चुके थे।

मामले की जानकारी मिलते ही नगर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने इसे गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को मौके पर पहुंचकर तुरंत झाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा और सुविधा नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन की टीम ने भी आदेश मिलते ही मौके पर पहुंचकर झाड़ियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिससे आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके स्थानीय लोगों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए पालिकाध्यक्ष की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि नगर में ऐसी समस्याओं पर आगे भी इसी तरह त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# बीते रोज छात्रो के साथ मारपीट पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बीते रोज बुधवार को मथुराप्रसाद महाविद्यालय गेट के बाहर दो छात्रों को दौड़ा-दौड़ा कर लात घूंसो और बेल्टों से पीटने वाले चार युवकों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने की बात कह रही है।ज्ञात हो कि बुधवार की दोपहर में नगर के मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में बीएसी के दो छात्र परीक्षा देकर जैसे ही बाहर आए, तभी बाहर खड़े 10-12 युवकों ने उन पर हमला बोल दिया था और बेल्ट व लात घूंसो से दोनों छात्रों को दौड़ा-दौड़ा कर बुरी तरफ पीटा था। मारपीट के शिकार छात्रों में से एक छात्र अपनी जान बचाकर सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर में घुस गया था लेकिन हमलावर युवकों पर दबंगई इस कदर हावी थी कि उस छात्र को मेडिकल स्टोर से बाहर खींचकर उसकी फिर से पिटाई की। पिटाई में दोनों छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। वहीं गुरुवार को नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया खुर्द निवासी पीड़ित छात्र अभिजीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर युवकों रामू, अनुज, देवी व भाईजी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शिवलोक मंदिर में मूर्ति स्थापना व शोभायात्रा के हुआ आयोजन

( यंग भारत न्यूज )




**कालपी-उरई।** गुरुवार को धर्मनगरी कालपी में देव स्नान,पूजन श्रंगार नगर भ्रमण तथा देव मिलन कार्यक्रम धूमधाम पूर्वक आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव समेत भारी संख्या में भक्तों ने जयकारों के साथ सहभागिता की।

उल्लेखनीय हो कि गल्ला मंडी के निकट हाईवे रोड स्थित मां शीतला देवी मंडी समिति के पास कालपी में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम 22 अप्रैल से शुरू हुआ। आयोजनकर्ता संजय कुमार सविता के मुताबिक मैंने अपने स्वर्गीय पिता श्री राजेन्द्र कुमार सविता जी यादगार में एक मन्दिर का निर्माण माता शीतला देवी के प्रांगण में करवाया। इसी दौरान कि देव स्नान, पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, जाप 22 अप्रैल को होगा। देव स्नान, पूजन, श्रृंगार,नगर भ्रमण, देव मिलन, 23 अप्रैल को नगर भ्रमण यात्रा हमारे निज निवासी स्थान आलमपुर से प्रारंभ हुई। यात्रा के साथ भक्तो ने आलमपुर, टरननगंज बाजार,फुल पावर चौराहा आदि स्थानों में भ्रमण किया। पूजन, स्थापना, रुद्राभिषेक, पैर पाखराई, हवन, महा आरती व प्रसाद वितरण 24 अप्रैल को होगा। कार्यक्रम का का आयोजन संजय कुमार सविता, विवेक कुमार, चंद्रशेखर आदि लोग शामिल हुये।

# ट्रेन में मिला करंसी नोटों का जखीरा, दो बैग में भरी थीं सैकड़ों नई गड्डियां, पुलिस भी हैरान

*( यंग भारत न्यूज )*

*वाराणसी।* यूपी के वाराणसी में कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब जीआरपी ने ट्रेन के अंदर से दो बैग में भारी मात्रा में नई करंसी बरामद की। बेगमपुरा एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे एक युवक के पास से 16 लाख रुपये के नए नोट मिले। बैग खोलते ही उसमें भरीं 10 से लेकर 200 रुपये तक के नोटों की नई गड्डियां देखकर पुलिस टीम भी दंग रह गई।



## प्लेटफॉर्म नंबर आठ पर बिछाया गया जाल

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर ने बताया कि जीआरपी, आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टीम प्लेटफॉर्म नंबर आठ पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बेगमपुरा एक्सप्रेस के जनरल कंपार्टमेंट में तिलहर (शाहजहांपुर) निवासी रवि गुलाटी संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। जब उसके पिट्ठू और ट्रॉली बैग की तलाशी ली गई, तो उसके अंदर नोटों का जखीरा मिला। थाने लाकर जब गिनती की गई तो 10, 20, 50, 100 और 200 रुपये की नई करंसी की गड्डियों का कुल मूल्य 16 लाख रुपये निकला।

## दस्तावेज नहीं दिखा सका आरोपी

पूछताछ के दौरान रवि गुलाटी ने दावा किया कि उसकी तिलहर में कॉस्मेटिक की दुकान है और उसने शादी-विवाह के सीजन में मांग को देखते हुए बाजार से यह नई करंसी जुटाई थी। वह मंगलवार सुबह काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से वाराणसी आया था और बेगमपुरा एक्सप्रेस से वापस जा रहा था। हालांकि, इतनी बड़ी नकदी के संबंध में वह कोई भी वैध दस्तावेज या रसीद पेश नहीं कर सका।

## आयकर विभाग को सौंपी गई रकम

जीआरपी प्रभारी ने बताया कि बरामद रकम और युवक को आयकर विभाग की टीम (निरीक्षक उमेश कुमार राम, अमित कुमार और कर सहायक नीरज) के हवाले कर दिया गया है। अंदेशा जताया जा रहा है कि पश्चिमी यूपी के बाजारों में नई करंसी की कालाबाजारी के लिए यह खेप ले जाई जा रही थी। इस कार्रवाई में आरपीएफ इंस्पेक्टर संदीप यादव और सीआईबी के एएसआई राकेश कुमार सिंह समेत पूरी टीम की मुख्य भूमिका रही।

## बैंकों की भूमिका संदिग्ध

जो करंसी बरामद की गई है वह किसी न किसी बैंक से ही निकाली गई मानी जा रही है। इतनी बड़ी तादात में एक व्यक्ति को करेंसी देने वाले बैंककी भूमिका भी संदिग्ध हो गई है। माना जा रहा है कि पुलिस की जांच का दायरा बढ़ा तो बैंक के अधिकारी और कर्मचारी भी शिकंजे में आएंगे। हालांकि पुलिस ने अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा है। लेकिन जांच से इनकार भी नहीं किया गया है।

# महिला लेखपाल, भाई और 'रिश्वत' का खेल: कैमरे के सामने पकड़ी गई चोरी, बिजनौर में प्रशासन के उड़े होश

**( यंग भारत न्यूज )**

**बिजनौर :** जनपद बिजनौर के धामपुर तहसील में तैनात महिला लेखपाल प्रिति राजपूत पर बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित किये जाने के मामले में अपने भाई के साथ दस हजार की रिश्वत लेने के आरोप लग रहें है, पूरा वाकया एक कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है जो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें कैमरे से विडियो बनाने वाला युवक स्वयं को पत्रकार बताते हुए महिला लेखपाल को कैमरे से दूर रहने की चेतावनी दे रहा है।



बताया गया है कि महिला लेखपाल प्रिति राजपूत अपने भाई के साथ गाँव सेडी में गई थी जहाँ गाँव के कुछ लोग बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति लगवाना चाहते थे जिसके बारे में लेखपाल की रिपोर्ट लगनी थी कहा जा रहा है कि रिपोर्ट लगाने के बदले में रुपये दस हजार दिये गये थे जो लेखपाल के भाई ने लेकर अपने पेंट की जेब मे रख लियें इसके बाद कैमरा आन कर लेखपाल से रुपये लेने की बात पूछी गई तो भाई ने रुपये जेब से निकाल आड़ में डाल दिये जो कैमरे में रिकॉर्ड नही हुआ 7 कैमरे में रुपये पड़े स्पष्ट दिखाई दे रहे है । रिकॉर्ड कर रहे कथित पत्रकार चिल्लाकर मूर्ति लगाने के नाम पर पैसे लेने की बात कह रहे है जिसके जबाब में महिला लेखपाल कथित पत्रकार को रिकॉर्ड करने से रोकने का प्रयास करते दिखाई पड़ रही है। इस मामले में जानकारी करने पर तहसीलदार धामपुर धनराज कुमार सिंह ने बताया कि विडियो की जानकारी सामने आई है जिसकी जांच कराने के आदेश दिए गए है जांच के बाद कार्यवाही की जा सकेगी।

# 7 घंटे पूजा-पाठ, दिन-रात माला का जाप. जेल में बदला नीले ड्रम वाली 'मुस्कान' का रंग, नेल पॉलिश बनी चर्चा

जेल में बंद मुस्कान का व्यवहार इन दिनों पूरी तरह बदलता नजर आ रहा है. महिला बंदियों से वह कह रही है कि दुनियादारी सब मोह-माया है, इंसान का असली सहारा सिर्फ ईश्वर ही है. बताया जा रहा है कि मुस्कान अब भक्ति के रंग में पूरी तरह रंग चुकी है.

इस दौरान वह करीब दिन के सात घंटे भक्ति और भगवान की साधना में व्यतीत कर रही है. ऐसा माना जा रहा है कि मुस्कान भजनमाला, सत्संग और धार्मिक चर्चाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है. पिछले 13 महीनों में उससे मिलने कोई मुलाकाती नहीं पहुंचा. ऐसे में उसने खुद को पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियों में लगा लिया है. वह 24 घंटे में करीब 7 घंटे ईश्वर भक्ति में बिताती है. दिन-रात रुद्राक्ष की माला का जाप कर रही है. मुस्कान का कहना है कि ईश्वर ही इंसान की मदद करता है, हर मुश्किल घड़ी में ईश्वर साथ देता है. इंसान का असली सहारा भगवान ही है.



## भगवान शिव की भक्ति में लीन मुस्कान

जेल के अंदर मुस्कान भजनमाला, सत्संग और धार्मिक चर्चाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है. बताया जा रहा है कि वह नित्य भगवान शिव की स्तुति करती है और सुंदरकांड व श्रीरामायण का पाठ भी नियमित रूप से कर रही है. ड्रग्स छोड़ने के बाद अब मुस्कान पर भक्ति का नशा चढ़ गया है. बयान-ए-मुल्जिम से पहले वह एंजाइटी में थी, लेकिन बयान देने के बाद अब राहत में दिखाई दे रही है.

### 13 महीने से कोई मिलने नहीं गया

वहीं, सह-अभियुक्त साहिल खुद को खेती-बाड़ी के काम में व्यस्त रखे हुए है. मुस्कान अन्य महिला बंदियों से भी लगातार चर्चा करती रहती है, जिससे 13 महीने बाद उसका किरदार जेल में काफी रोचक माना जा रहा है. गौरतलब है कि मुस्कान अपने पति सौरभ की हत्या के मामले में प्रेमी साहिल के साथ मेरठ जेल में बंद है. पति द्वारा अवैध संबंधों का विरोध करने पर दोनों ने मिलकर सौरभ की हत्या की और शव के टुकड़े कर सीमेंट के ड्रम में पैक कर दिया.

# योगी सरकार का बड़ा ऐलान, मुख्यमंत्री आवास योजना का बढ़ा दायरा, अब इन जातियों को भी मिलेगा लाभ

**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले वंचित और पिछड़े समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने घोषणा की कि 'मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण' का दायरा अब और बढ़ाया जा रहा है, ताकि उन सभी अनुसूचित जनजातियों को शामिल किया जा सके जो अब तक पक्के घर की सुविधा से वंचित थीं।



## कई नई जातिया भी शामिल

सरकार के इस फैसले के बाद भोटिया, जौनसारी और राजी जैसी जनजातियां भी योजना का लाभ उठा सकेंगी। इसके साथ ही गोंड समुदाय और उसकी उपजातियों, धुरिया, ओझा, नायक, पठारी और राजगोंड, को भी पात्रता सूची में शामिल किया गया है। अन्य समूहों जैसे खरवार, खैरवार, परहिया, पंखा, पनिका, अगरिया, पटारी, भुइयां और भुनिया को भी इस योजना में जोड़ा गया है।

## सरकार का दावा

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों ने इन समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ने के बजाय केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, जबकि वर्तमान सरकार उन्हें स्थायी आवास देकर सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में काम कर रही है।

## 2018 से शुरू हुआ योजना का विस्तार

मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की शुरुआत वर्ष 2018 में हुई थी। प्रारंभ में इसका लाभ वनटांगिया और मुसहर जैसी अति-पिछड़ी जातियों को दिया गया था। धीरे-धीरे इसमें कोल, थारू, सहरिया, नट, चेरो, बैगा, बोक्सा, बंजारा और सपेरा सहित कई अन्य जातियों को शामिल किया गया। अब इस योजना को और व्यापक बनाते हुए सभी शेष जनजातीय समूहों को भी जोड़ा जा रहा है।

## सामाजिक न्याय और बेहतर जीवन की दिशा में पहल

सरकार का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले उन परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना है, जो अब भी कच्चे घरों या झोपड़ियों में रह रहे हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पात्र परिवारों का शीघ्र सर्वे कर उन्हें योजना से जोड़ा जाए। यह पहल न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी, बल्कि दशकों से उपेक्षित जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर में भी सुधार लाएगी।

# 'वोट नहीं दिया तो टुकड़े कर देंगे!' बंगाल में TMC नेता के वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

**( यंग भारत न्यूज )**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की शुरुआत से ठीक पहले सियासी माहौल गरमा गया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने चुनावी माहौल में तनाव बढ़ा दिया है। आरोप है कि एक स्थानीय नेता ने वोटरों को खुली धमकी दी, जिससे निष्पक्ष चुनाव को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं

**कहां का है मामला?**

रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना सौग्राम गांव की है, जो लाभपुर विधानसभा क्षेत्र में आता है। वीडियो में तृणमूल कांग्रेस (TMC) के स्थानीय नेता दलीम शेख कथित तौर पर कहते सुनाई दे रहे हैं कि 'अगर वोट इधर-उधर गया तो टुकड़े-टुकड़े कर दिए जाएंगे।' यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब राज्य में पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह बयान एक पार्टी मीटिंग के दौरान दिया गया, जहां नेता ने कथित तौर पर दावा किया कि उन्हें वोटरों की पूरी जानकारी मिल जाएगी, किसने किस पार्टी को वोट दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर किसी ने टीएमसी के अलावा किसी और दल को वोट दिया, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस घटना ने खासतौर पर बीरभूम जैसे संवेदनशील जिले में मतदाताओं के बीच डर का माहौल पैदा कर दिया है।

# नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग का इस्तीफा : मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी से संबंधों पर विवाद, एक महीने में दो मंत्री सरकार से बाहर



**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी और कारोबारी दीपक भट्ट से संबंध का आरोप है। इसके अलावा निवेश और वित्तीय लेनदेन को लेकर भी सवाल उठे हैं।

नेपाल के अखबार कांतिपुर की रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने निष्पक्ष जांच और हितों के टकराव से बचने के लिए पद छोड़ने की बात कही। गुरुंग ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, मैंने अपने खिलाफ उठे सवालों को गंभीरता से लिया है। मेरे लिए नैतिकता किसी भी पद से बड़ी है और जनता का भरोसा सबसे बड़ी ताकत है। यह नेपाल की नई सरकार में एक महीने के भीतर दूसरा मामला है, जब किसी मंत्री को पद छोड़ना पड़ा है। इससे पहले 9 अप्रैल को श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को अनुशासनहीनता के आरोप में हटाया गया था। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुंग के कारोबारी दीपक भट्ट से संबंधों को लेकर विवाद हुआ। दीपक भट्ट को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच जारी है। भट्ट की गिरफ्तारी के बाद गुरुंग की वित्तीय गतिविधियों, निवेश और शेयर को लेकर सवाल उठने लगे थे। मीडिया में उनके कथित संबंध और असामान्य ट्रांजैक्शन पर लगातार रिपोर्ट्स आईं। कांतिपुर को मिले बैंक रिकॉर्ड के अनुसार, गुरुंग के निजी खाते, उनकी संस्था हामी नेपाल और कंपनियों के बीच बड़े पैमाने पर लेनदेन हुए। इनमें कई ट्रांजैक्शन ऐसे हैं, जिनका सोर्स और उद्देश्य साफ नहीं हैं। रिकॉर्ड बताते हैं कि हामी नेपाल के खाते हिमालयन बैंक और नबिल बैंक में थे। फरवरी 2025 में हिमालयन बैंक का खाता बंद किया गया, जिसमें 53.4 लाख रुपए थे। इसमें से 30.9 लाख रुपये नबिल बैंक में ट्रांसफर किए गए। नबिल बैंक खाते में जुलाई 2021 से अगस्त 2025 के बीच 2.28 करोड़ रुपये जमा हुए। इनमें 2015 में मनीता देवकोटा नाम के व्यक्ति ने 4.40 लाख रुपये ट्रांसफर किए, जिनकी पहचान सार्वजनिक नहीं है। रिकॉर्ड के मुताबिक, 2021 में गुरुंग के निजी खाते में करीब 60 लाख रुपये आए, जो कोविड सहायता के तौर पर जुटाए गए थे। इनमें से 25.9 लाख रुपये बाद में संस्था के खाते में ट्रांसफर किए गए। इससे यह सवाल उठता है कि सहायता राशि पहले निजी खाते में क्यों आई। इसके अलावा अलग-अलग लोगों ने उनके खाते में बड़ी रकम जमा की। 9 मई 2023 को चांग अग्रवाल और विजय कुमार श्रेष्ठ ने 22.5 लाख और 37.5 लाख रुपए जमा किए। अगले दिन 10 मई को गुरुंग ने 25-25 लाख रुपये लिबर्टी माइक्रो लाइफ इंश्योरेंस और स्टार माइक्रो इंश्योरेंस में ट्रांसफर किए। रिकॉर्ड के अनुसार, उनके पास इन दोनों कंपनियों में 25-25 हजार शेयर हैं। हालांकि गुरुंग का कहना है कि उन्होंने ये शेयर लोन लेकर खरीदे, लेकिन जमा करने वालों और लोन देने वाले के बीच संबंध साफ नहीं है।

# बेटा ना लेता था प्रसाद, ना जोड़ता था हाथ, पापा को हुआ डाउब्ट, फिर पंचायत में पहनाया जूते की माला

**( यंग भारत न्यूज )**

**हाथरस।** प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को एक 65 वर्षीय व्यक्ति और उसके छोटे बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया. दोनों पिता-पुत्र पर आरोप था कि उन्होंने अपने बड़े बेटे और उसकी पत्नी को ईसाई धर्म अपनाने के शक में सार्वजनिक रूप से घर से बेदखल कर दिया और उनका अपमान किया. स्थानीय निवासियों के अनुसार, 65 वर्षीय शिवराज सिंह ने सोमवार को ग्राम पंचायत में अपने बेटे और उसके परिवार के सामाजिक बहिष्कार की मांग की और दंपति को सार्वजनिक रूप से जूतों की माला पहनने के लिए मजबूर किया.

## बलराम अपने परिवार के साथ लौट आया था गांव

पंचायत के कथित वीडियो बाद में सामने आए, जिससे आक्रोश फैल गया और पुलिस का ध्यान इस ओर गया. दरअसल, 40 वर्षीय बलराम सिंह अपनी 38 वर्षीय पत्नी मीना देवी और 16 वर्षीय बेटे के साथ आगरा में रह रहा था. वह मेलों में झूले चलाकर अपना जीवन यापन करता था. बलराम के लिए मुसीबत तब शुरू हुई जब उसने हाल ही में अपने परिवार के साथ हाथरस जिले के अपने पैतृक गांव गरौ गढ़ी लौटने का फैसला किया.

## ना भगवान के सामने हाथ जोड़ता, ना लेता था प्रसाद

बलराम के पिता को उस वक्त उसके ऊपर शक शुरू हुआ, जब वह भगवान के सामने हाथ जोडना बंद कर दिया था और यहां तक की प्रसाद भी नहीं ग्रहण करता था. सोमवार को दोनों के बीच तीखी बहस हुई और उसी दिन ग्रामीणों के समर्थन से पंचायत बुलाई गई. बलराम का भाई ताराचंद (38) भी कथित तौर पर बहस में शामिल हो गया और उसने अपने भाई पर हमला कर दिया.



## घटना को लेकर क्या बोली पुलिस

घटना सामने आने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. मुरसान क्षेत्र के सर्कल ऑफिसर योगेंद्र कृष्ण नारायण ने कहा, 'बीएनएसएस धारा 170 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है. शिवराज और ताराचंद को गिरफ्तार कर लिया गया है. कानून के अनुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी.' पुलिस ने आगे बताया कि सोमवार की पंचायत में मौजूद अन्य लोगों की भूमिका की जांच करने के प्रयास जारी हैं.

## आईपीएल : रविन्द्र ने 43 रन बनाए और एक विकेट भी झटका

# जडेजा के हरफनमौला खेल से राजस्थान ने लखनऊ को 40 रन से दी करारी शिकस्त

लखनऊ

रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से शिकस्त दी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने 29 गेंद में नाबाद 43 रन की पारी खेलने के बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 29 रन देकर एक विकेट लिया। राजस्थान रॉयल्स ने आठ विकेट पर 159 रन का औसत स्कोर खड़ा करने के बावजूद सुपर जायंट्स को 18 ओवर में महज 119 रन पर आउट कर 40 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

■ आर्चर ने तीन और नांद्रे बर्गर ने दो विकेट लिए

जोफ्रा आर्चर (20 रन पर तीन विकेट) और नांद्रे बर्गर (27 रन पर दो विकेट) ने सुपर जायंट्स के शीर्ष क्रम को झकझोरा, तो वहीं बृजेश शर्मा (18 रन पर दो विकेट), जडेजा और रवि बिश्नोई (23 रन पर एक विकेट) ने मध्य और निचले क्रम को क्रीज पर जमने का मौका नहीं दिया। सुपर जायंट्स के लिए मिचेल मार्श ने 41 गेंदों में सबसे ज्यादा 55 रन का योगदान दिया। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से किसी और का साथ नहीं मिला। उनके अलावा निकोलस पूरन (22) और हिम्मत सिंह (15) ही दोहरे अंक में रन बना सके। इससे पहले जडेजा के अलावा यशस्वी जायसवाल (22), रियान पराग (20), शिमरॉन हेटमायर (22) और डोनोवन फरेरा (20) को भी अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना सका। मोहम्मद शमी और मोहसिन खान की अगुवाई में सुपर जायंट्स के भारतीय गेंदबाजों के आक्रमण ने राजस्थान रॉयल्स की मजबूत बल्लेबाजी को कम स्कोर पर रोका लेकिन सुपर जायंट्स के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के प्रयास को जाया कर दिया। यह लगातार तीसरा मैच है जब राजस्थान रॉयल्स का शीर्ष क्रम पूरी तरह विफल रहा है, जिससे टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही है।



मैन ऑफ द मैच

अनुभवी गेंदबाज शमी (चार ओवर में 30 रन पर दो विकेट) एक बार फिर अपने कौशल के बूते सबसे अलग नजर आए, जबकि लंबे कद के मोहसिन (चार ओवर में 17 रन पर दो विकेट) बेहद अनुशासित रहे। दोनों गेंदबाजों ने मिलकर राजस्थान के चार प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। शमी ने जायसवाल और ध्रुव जुरेल (शून्य) को लगातार गेंदों पर आउट किया। जबकि मोहसिन ने वैभव सूर्यवंशी (11 गेंदों पर 8 रन) और शिमरॉन हेटमायर को अलग-अलग स्पेल में आउट किया।

### राजस्थान-159/6

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पंत बो शमी | 22 |
| वैभव सूर्यवंशी का राठी बो मोहसिन | 08 |
| ध्रुव जुरेल का पंत बो शमी | 00 |
| रियान पराग का पूरन बो प्रिंस | 20 |
| हेटमायर का प्रिंस बो मोहसिन | 22 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 43 |
| फरेरा का मोहसिन बो प्रिंस | 20 |
| शुभम दुबे नाबाद | 19 |

अतिरिक्त: 05
कुल योग: 20 ओवर में छह विकेट पर: 159 रन
विकेट पतन: 1-32, 2-32, 3-32, 4-62, 5-77, 6-110
गेंदबाजी: शमी 4-0-30-2, प्रिंस 4-0-29-2, मोहसिन 4-1-17-2, मयंक 4-0-56-0, राठी 4-0-26-0

### लखनऊ-119/10

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल मार्श का पराग बो बर्गर | 55 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 00 |
| ऋषभ पंत का जुरेल बो बर्गर | 00 |
| एडेन मारक्रम का जुरेल बो आर्चर | 00 |
| निकोलस पूरन का फरेरा बो जडेजा | 22 |
| हिम्मत सिंह बो बिश्नोई | 15 |
| मुकुल चौधरी का पराग बो बृजेश | 07 |
| मोहम्मद शमी बो बृजेश | 06 |
| मयंक यादव का जुरेल बो आर्चर | 02 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 02 |
| मोहसिन खान बो आर्चर | 00 |

अतिरिक्त: 07, कुल योग: 18 ओवर में सभी आउट: 119 रन, विकेट पतन:1-9, 2-10, 3-11, 4-54, 5-91, 6-105, 7-111, 8-113, 9-119
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-20-3, बर्गर 4-0-27-2, बृजेश 3-0-18-2, जडेजा 4-0-29-1, बिश्नोई 3-0-23-1

### मुंबई और चेन्नई में महामुकाबला आज

मुंबई। अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम गुरुवार को जब आईपीएल में आमने-सामने होंगी तो वे अपने पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की संभावित वापसी पर नजर रखकर अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी। रोहित (हैमस्ट्रिंग) और धोनी (पिंडली में खिंचाव) वापसी की राह पर हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इनमें से कोई भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरेगा। रोहित ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले धोनी ने जमकर अभ्यास किया। इससे उनकी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में वापसी की संभावना बन गई है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि अब तक पांच-पांच खिताब जीतने वाली यह दोनों टीम कई समस्याओं से जूझ रही हैं।

## आईपीएल में फूटा 'स्मोकिंग बम'

### सिगरेट पीते हुए रबाडा की क्लिप वायरल?



नई दिल्ली

आईपीएल के बीच एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। दावा किया जा रहा है कि गुजरात टाइटंस के स्टार तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा होटल में सिगरेट पीते नजर आए। हालांकि, इस वीडियो की सच्चाई अभी तक साबित नहीं हो सकी है, लेकिन फैंस के बीच इसको लेकर बहस तेज हो गई है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक क्लिप में रबाडा जैसे दिखने वाले शख्स को सिगरेट पीते हुए देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो गुजरात टाइटंस के टीम होटल का हो सकता है, लेकिन इसकी लोकेशन और समय की पुष्टि नहीं हो पाई है। वीडियो में कुछ अन्य लोग भी नजर आ रहे हैं, जिन्हें टीम से जुड़ा बताया जा रहा है, मगर उनकी पहचान भी साफ नहीं हो सकी है। ऐसे में पूरे मामले को लेकर स्थिति अभी भी अस्पष्ट बनी हुई है। गौरतलब है कि रबाडा इस सीजन में गुजरात टाइटंस के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं। वह पर्पल कैप की रेस में फिलहाल सातवें स्थान पर हैं और 6 मैचों में 10 विकेट ले चुके हैं। उनका औसत 22.20 और इकॉनमी रेट 9.73 रहा है।

#### पुराना विवाद भी आया चर्चा में

इस वीडियो के सामने आने के बाद रबाडा का पुराना अनुशासनात्मक रिकॉर्ड भी चर्चा में आ गया है। पिछले आईपीएल सीजन में उन्हें साउथ अफ्रीकन इंस्टिट्यूट फॉर ड्रग फ्री स्पोर्ट्स द्वारा एक महीने का बैन झेलना पड़ा था। उस दौरान वह टूर्नामेंट बीच में छोड़कर गए थे और बाद में टीम से दोबारा जुड़े थे। हालांकि, डोपिंग मामले की पूरी जानकारी कभी सार्वजनिक नहीं की गई थी, जिससे अटकलों को हवा मिली थी।

#### पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला

सीजन की शुरुआत में भी इसी तरह का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें युजवेंद्र चहल को कथित तौर पर धूम्रपान करते और गाड़ी चलाते हुए दिखाया गया था। हालांकि, उस वीडियो की भी पुष्टि नहीं हो सकी थी, लेकिन सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी आलोचना हुई थी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| राजस्थान | 7 | 5 | 2 | 10 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 7 | 2 | 5 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
323 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप

#### तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को हराया, बना अंडर 19 चैंपियन



देहरादून। शीर्ष वरीयता प्राप्त तमिलनाडु ने यूटीटी अंतरराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महाराष्ट्र को 3-1 से हराकर लड़कों के अंडर19 वर्ग का टीम खिताब जीता। पीबी अभिनंद तमिलनाडु की जीत के नायक रहे। उन्होंने पहले नील मुल्ये को 11-5, 11-3, 7-11, 11-6 से हराया और फिर उलट एकल में कुशल चोपड़ा पर 11-6, 11-6, 11-8 से शानदार जीत दर्ज करके अपनी टीम को खिताब दिलाया। महाराष्ट्र की टीम चोपड़ा पर काफी निर्भर थी क्योंकि उन्होंने इससे पहले टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया था।

## आईसीसी रैंकिंग : टी20 में नामीबिया और स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों की छलांग, वनडे में बांग्लादेशियों को फायदा

नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला वनडे मैच 26 रन से गंवाने के बाद दूसरा मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम करने के बाद बांग्लादेश ने न सिर्फ तीन मुकाबलों की सीरीज को 1-1 से बराबर किया, बल्कि उसके खिलाड़ियों ने भी व्यक्तिगत प्रदर्शन में काफी सुधार किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ ढाका में खेले गए दूसरे वनडे मैच के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने आईसीसी मेंस वनडे रैंकिंग में छलांग लगाई है।



### तंजीद हसन को वनडे रैंकिंग में फायदा

बांग्लादेशी ओपनर तंजीद हसन उन खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें वनडे रैंकिंग सबसे ज्यादा फायदा मिला। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 199 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 76 रनों की संयमित पारी खेलने के बाद तंजीद बल्लेबाजों की रैंकिंग में 14 पायदान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तौहीद हिरदॉय पांच पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं।


### बांग्लादेशी स्पिनर रिशाद 10 पायदान ऊपर चढ़े

इस मुकाबले के साथ बांग्लादेश की गेंदबाजी यूनिट को भी फायदा हुआ। स्पिनर रिशाद हुसैन 10 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज नाहिद राणा मैच में 5 विकेट लेने के बाद 32 पायदान की छलांग लगाकर 64वें स्थान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने सीरीज में लगातार विकेट लेने वाले प्रदर्शन के बाद रैंकिंग में 39वां स्थान हासिल कर लिया है। भले ही डेरिल मिशेल इस वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उन्होंने इस फॉर्मेट में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

## आईपीएल में दिखा धोनी का बिहारी अंदाज, वायरल हुआ मजेदार वीडियो

मुंबई

फैंस 2026 आईपीएल सीजन में एमएस धोनी को देखने के लिए बहुत ज़्यादा उत्साहित लग रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने इस सीज़न में अब तक छह मैच खेले हैं, जिनमें से किसी में भी धोनी चोट की वजह से नहीं खेल पाए हैं। हालाँकि धोनी असली मैचों में मैदान पर नहीं दिखे हैं, लेकिन प्रैक्टिस सेशन के दौरान वह लगातार मैदान पर नज़र आए हैं। इसी बीच,धोनी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक खास 'बिहारी' अंदाज़ में बात करते दिख रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने धोनी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह एमआई के तेज गेंदबाज़ दीपक चाहर से बात करते दिख रहे हैं। वीडियो में, जैसे ही धोनी की नज़र कैमरे पर पड़ती है, वह अपने जाने-पहचाने बिहारी अंदाज़ में बात करना शुरू कर देते हैं। फैंस को माही का यह खास अंदाज़ बहुत पसंद आता है।




#### धोनी ने क्या कहा

वीडियो में धोनी ने दीपक चाहर से कहा, "तुम आए, और साथ में कैमरा भी ले आए?" जवाब में, चाहर ने कैमरामैन की तरफ मुड़कर कहा, अरे भाई, चलो, अब तुम जाओ। फिर माही ने बीच में कहा, "हाँ, वरना हम बात नहीं कर पाएंगे (कैमरामैन की वजह से)। यह ध्यान देने वाली बात है कि यह पहली बार नहीं है जब धोनी को इस तरह बात करते देखा गया है। पहले भी कई मौकों पर उन्हें बिहारी अंदाज में बात करते सुना गया है। फैंस को माही की पर्सनैलिटी का यह पहलू बहुत प्यारा लगता है।

## भारत को नौ विकेट से रौंद कर दक्षिण अफ्रीका ने टी20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बनाई

जोहानिसबर्ग (भाषा)। दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को नौ विकेट से शिकस्त देकर सीरीज में 3-0 की बढ़त कायम कर ली। भारत ने चार विकेट पर 192 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लौरा वोल्वार्ट (53 गेंदों में 115 रन) की शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए सुने लुस के साथ उनकी 183 रन की साझेदारी की बदौलत टीम ने 16.3 ओवर में ही एक विकेट पर 193 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए श्रेयंका पाटिल ने एकमात्र सफलता हासिल की।




## बिनु ने बनाया 9 अंडर का स्कोर, हासिल की बढ़त

लुबुम्बाशी



युवा गोल्फर शौर्य बिनु ने अफ्रीकी चरण में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एएम ग्रीन आईजीपीएल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में 9 अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाकर बढ़त हासिल कर ली। यह 21 वर्षीय खिलाड़ी पिछले दो हफ्तों में अफ्रीकी चरण में दो बार शीर्ष 10 में जगह बना चुका है। उन्होंने गोल्फ क्लब लुबुम्बाशी में पहले दौर में एक अंडर 72 के साथ शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने दूसरे दौर में 9 अंडर का शानदार स्कोर बनाया। इससे वह 36 होल के बाद 10 अंडर पर पहुंच गए। वह चार अन्य चार खिलाड़ियों से दो शॉट आगे हैं।

टेनिस

## टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहा स्पेन का एक और 'राफा'



मैड्रिड

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की उम्र केवल 22 वर्ष है, लेकिन उनके देश स्पेन में प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी के बारे में पहले से ही चर्चा हो रही है। इनमें से सबसे चर्चित नाम उस खिलाड़ी का है, जिनका पहला नाम सर्वकालिक महान खिलाड़ी राफेल नडाल के समान है। यह खिलाड़ी है 19 वर्षीय राफेल जोडर, जो रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने से स्पेन और पूरे टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहे हैं। जोडर को नडाल की तरह 'राफा' उपनाम से भी जाना जाता है। वह मैड्रिड ओपन में अपने पदार्पण से ठीक पहले शीर्ष 50 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।

एक और होनहार खिलाड़ी 20 वर्षीय मार्टिन लैंडालुस हैं, जिन्होंने हाल में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई है। अल्काराज के कलाई में चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद मैड्रिड ओपन में यह दोनों दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक होंगे।

#### मार्च में जोडर ने किया शीर्ष 100 में प्रवेश

*जोडर एक साल पहले तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 600 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं थे। मार्च में उन्होंने शीर्ष 100 में प्रवेश किया और सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जोडर ने कहा, 'मैं बचपन से ही दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करता रहा हूं। मैं शुरू से ही कोर्ट के अंदर और बाहर बहुत शांत स्वभाव का रहा हूं। मैं जानता हूं कि ऐसा समय भी आएगा जबकि परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं होंगी और ऐसे समय में आपकी मानसिक मजबूती की परीक्षा होती है। इस तरह का दौर मुझे और मजबूत बनाएगा।' उन्होंने कहा, मैंने कभी कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया।*

एशियाई चैंपियंस लीग

## माचिदा जेलविया की फाइनल में एंट्री

जेद्दा

जापान के क्लब माचिदा जेलविया ने संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली को 1-0 से हराकर एशियाई चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। युकी सोमा के पहले हाफ में किए गए गोल से जापान के क्लब ने जीत दर्ज की। शनिवार को होने वाले फाइनल में उसका मुकाबला सऊदी अरब के क्लब और मौजूदा चैंपियन अल-अहली सऊदी से होगा। सोमा ने 12वें मिनट में गोलकीपर हमाद अल-मेकबाली को छकाकर गोल दागा, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। अल-अहली सऊदी ने सोमवार को जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई थी। जेद्दा स्थित इस क्लब ने पिछले साल मई में फाइनल में जापान के कावासाकी फ्रंटेल को 2-0 से हराया था।




स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट

## रियाल मैड्रिड ने चखा जीत का स्वाद


मैड्रिड

काइलियन एमबाप्पे और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया, जिससे रियाल मैड्रिड ने अलावेस को 2-1 से हराकर 4 मैचों के बाद पहली जीत का स्वाद चखा। इस जीत से वह स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट लालीगा में शीर्ष पर मौजूद बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है। सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में मिली जीत के बाद रियाल मैड्रिड अब बार्सिलोना से छह अंक पीछे रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 79 और रियाल मैड्रिड के 32 मैच में 73 अंक हैं। बायर्न म्यूनिख से हारने के कारण चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद रियाल मैड्रिड का यह पहला मैच था। रियाल मैड्रिड को बायर्न से अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से और दूसरे चरण में जर्मनी में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा था। उसे लालीगा में पिछले दो मैच में जीत नहीं मिली थी। उसने गिरोना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था जबकि मालोर्का से 2-1 से हार गय था।



शरीर के भीतर कोई बीमारी पनप रही है, इसकी जांच के लिए अलग-अलग टेस्ट तो किए ही जाते हैं। लेकिन अगर ध्यान दें तो आंखों से भी कई तरह के हेल्थ इंडिकेशंस मिल सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

# आंखें देती हैं हेल्थ इंडिकेशंस



एलर्टनेस

डॉ. मधुस्मिता बेहेरा
नेत्र रोग विशेषज्ञ

हमारी आंखें, शारीरिक स्वास्थ्य की खिड़की जैसी होती हैं। इसलिए सेहत पर नजर रखने के लिए समय-समय पर नेत्र रोग विशेषज्ञ को जरूर दिखाते रहें। आंखों के पिछले हिस्से यानी रेटिना से चिकित्सक को आपकी नर्व्स और ब्लड वेसल्स का हाल पता चल जाता है। इनका बारीकी से मुआयना करने पर कई खतरनाक रोगों का शुरुआती चरण में ही पता चल जाता है, जिससे समय पर इलाज शुरू करवा कर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ब्रेन हेल्थ:** आंखों की पुतली और ऑप्टिक नर्व सीधे मस्तिष्क से जुड़ी होती हैं, जिससे ट्यूमर या अल्जाइमर जैसी स्थितियों का संकेत मिल सकता है। आंखों के पीछे रेटिना में वसा और कैल्शियम के छोटे जमाव अल्जाइमर रोग का संकेत हो सकते हैं। शोध के अनुसार, दृष्टि में बदलाव डिमेंशिया के निदान से कई साल पहले आ सकते हैं।

**ब्रेन ट्यूमर:** आंखों की जांच के दौरान ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) में सूजन या दबाव का पता चल सकता है, जो मस्तिष्क में ट्यूमर का संकेत हो सकता है।

**हृदय रोग:** पलकों के आस-पास वसा जमा होना या रक्त वाहिकाओं की स्थिति हृदय संबंधी जोखिमों को दर्शा सकती है। फ्लोरिडा (अमेरिका) की नोवा साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ ऑप्टोमेट्री आई केयर इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर और नेत्र रोग विशेषज्ञ जोसेफ पिजिमेंटी कहते हैं कि हम आंखों के चेकअप से ब्रेन ट्यूमर और ब्रेस्ट कैंसर से लेकर लंग्स कैंसर तक का पता लगा सकते हैं जिनका प्रभाव आंखों तक पहुंच जाता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीज की दृष्टि में आए परिवर्तन की जांच करके ब्रेन ट्यूमर की आशंका का पता लगा सकते हैं।

**डायबिटीज:** टाइप 2 डायबिटीज के शुरुआती संकेतों में से एक है रेटीना में मामूली मात्रा में ब्लीडिंग होना, जो डायबिटिक रेटीनोपैथी का लक्षण है। इसका समय पर इलाज शुरू न किया जाए, तो मरीज अपनी दृष्टि पूरी तरह खो सकता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी का शुरुआती चरण में पता चल जाए तो जीवनशैली में बदलाव लाकर, पौष्टिक भोजन के माध्यम से और वजन घटाकर दृष्टिहीनता के खतरे को कम किया जा सकता है।

**उच्च रक्तचाप:** न्यूयॉर्क (अमेरिका) की विल कोर्नेल मेडिकल कॉलेज में ऑफ्थेल्मोलॉजी की प्रोफेसर जेसिका सिराल्सकी कहती हैं, ब्लड वेसल्स को पहुंची क्षति, धमनियों में सिकुड़न और उनका कमजोर होना आदि उच्च रक्तचाप की निशानी हो सकते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक रेटीना की छोटी ब्लड वेसल्स का संकरा होना हार्ट डिजीज का संकेतक हो सकता है।

**मल्टीपल स्क्लेरोसिस:** अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मिटशेल मुनसोन बताते हैं कि ऑप्टिक नर्व का इनफ्लेमेशन यानी ऑप्टिक न्यूराइटिस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस का शुरुआती लक्षण हो सकता है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस के 75 फीसदी मरीजों में ऑप्टिक न्यूराइटिस होता है। लेकिन ऑप्टिक न्यूराइटिस का मतलब यह जरूरी नहीं कि मरीज को एमएस डिजीज भी हो, यह किसी अन्य कारण से भी हो सकता है।

**रूमेटाइड आर्थराइटिस:** विशेषज्ञ बताते हैं कि रूमेटाइड आर्थराइटिस के 25 फीसदी मरीजों में आंखों की समस्या भी पाई जाती है। जिनमें ड्राई आइज की समस्या सबसे आम है। अगर किसी मरीज की आइरिस में साल में दो बार दर्द और इन्फ्लेमेशन की शिकायत हो, तो उसमें रूमेटाइड आर्थराइटिस की संभावना होती है।

कहने का सार है कि आपको अपनी आंखों की रेग्युलर जांच करानी चाहिए। *

प्रस्तुति: अंजू जैन

हेल्थ सजेशन

शिखर चंद जैन

स्वस्थ, ऊर्जावान और दीर्घायु जीवन की कामना लगभग सभी लोग करते हैं। लेकिन इसके लिए अपनी जीवनशैली में किन बातों को अमल में लाना जरूरी होता है, इस बारे में कम लोग ही जानते हैं। विभिन्न अध्ययनों पर आधारित हम यहां दस ऐसे कारगर सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप लंबे समय तक स्वस्थ, ऊर्जावान जीवन जी सकते हैं।

# स्वस्थ जीवन के लिए अपनाएं 10 सरल-कारगर सूत्र

सभी हेल्थ एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि स्वस्थ-निरोगी तन और दीर्घायु जीवन रातों-रात प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बल्कि यह हमारे रोजमर्रा की जीवनशैली में शामिल छोटी-छोटी अच्छी आदतों का परिणाम होता है। आपकी जीवनशैली और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधा संबंध होता है। आधुनिक विज्ञान यह साबित कर चुका है कि हमारी दैनिक आदतें हमारे जीन से भी ज्यादा प्रभावशाली हो सकती हैं। वैज्ञानिक शोधों के आधार पर यहां 10 ऐसी हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपका अच्छा स्वास्थ्य तय करते हैं। यानी इन सूत्रों पर अमल करके आप स्वस्थ और ऊर्जावान बने रह सकते हैं।

## प्लांट-बेस्ड डाइट को अपनाएं

दुनिया में मौजूद 'ब्लू जोन' (जहां रहने वाले लोग सबसे ज्यादा जीते हैं) पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज आधारित भोजन, कैंसर और हृदय रोगों को दूर रखता है। इसके लिए आपके भोजन की थाली का आधा हिस्सा फलों और सब्जियों से भरा होना चाहिए। साबुत अनाज (ओट्स, ब्राउन राइस) और बींस (दालें, मटर, लोबिया) को भी अपने आहार में शामिल करना लाभकारी होता है। पशु उत्पादों (मांस, डेयरी) को अपने आहार में कम शामिल करें, पूरी तरह बंद करना अनिवार्य नहीं है। प्रोसेस्ड फूड के सेवन से बचें और साबुत खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें।

## सर्केडियन रिदम रखें सही

सर्केडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक 24 घंटे एक्टिव रहने वाली घड़ी। यही हमारे सोने-जागने, हार्मोन स्तर, मेटाबॉलिज्म और तापमान को नियंत्रित करके स्वास्थ्य को बनाए रखती है। यह रात में मेलाटोनिन जारी कर अच्छी नींद, दिन में ऊर्जा और शरीर को रिपेयर करने में मदद करती है, जिससे तनाव कम होता है और शुगर/बी.पी. जैसी बीमारियों का जोखिम घटता है। शोध बताते हैं कि शरीर की आंतरिक घड़ी के अनुसार जागना और सोना मेटाबॉलिज्म को ठीक रखता है। समय पर सोने से हृदय रोग और डायबिटीज का खतरा कम होता है।



## तनाव प्रबंधन है बहुत जरूरी

अच्छे जीवन के लिए तनाव प्रबंधन भी जरूरी है। तनाव प्रबंधन, शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को कम करके, रक्तचाप को नियंत्रित रखकर और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखता है। नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन, पर्याप्त नींद और योग/ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन किया जा सकता है। यह अनिद्रा और थकान को दूर करता है, जिससे हृदय रोग और पुरानी बीमारियों का जोखिम कम होता है। लंबे समय तक तनाव रहने से 'कार्टिसोल' नामक हार्मोन का स्तर बढ़ता है। रिसर्च कहती है कि ध्यान और योग क्रॉनिक इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।







## अच्छी हो नींद की गुणवत्ता

'नेशनल स्लीप फाउंडेशन' के अनुसार, डेली 7-9 घंटे की गहरी नींद मस्तिष्क से विषाक्त पदार्थों को साफ करती है, जिससे अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। अच्छी नींद की गुणवत्ता शारीरिक मरम्मत, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन के लिए अनिवार्य है। यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, तनाव वाले हार्मोन के स्तर को कम करती है, याददाश्त बढ़ाती है और वजन प्रबंधन में मदद करती है। बिना रुकावट वाली गहरी नींद, आपको ऊर्जावान बनाए रखने और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए भी जरूरी है।

## सक्रिय जीवनशैली को अपनाएं

अच्छी हेल्थ के लिए सक्रिय जीवनशैली भी बहुत मायने रखती है। 'हार्वर्ड हेल्थ' (हार्वर्ड मेडिकल स्कूल) के अनुसार, रोजाना 30 मिनट की वॉकिंग दीर्घायु होने में सहायक हो सकती है। व्यायाम न केवल वजन घटाता है, बल्कि एंडोर्फिन नामक हार्मोन जारी करता है, जो मानसिक स्वास्थ्य सुधारता है। सक्रिय जीवनशैली, हृदय के स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और मानसिक मजबूती बढ़ाकर शरीर को स्वस्थ रखती है। यह हृदय रोगों, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करती है। इसके साथ ही मांसपेशियों/ हड्डियों को मजबूत बनाकर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि भी करती है।

## स्क्रीन टाइम ना हो अनलिमिटेड

**अत्यधिक मोबाइल** का उपयोग मानसिक थकान और आंखों की समस्याओं की वजह बन सकता है। कई शोध बताते हैं कि आज के समय में डिजिटल डिटॉक्स जरूरी हो गया है। स्क्रीन एडिक्शन के बजाय नेचर के करीब समय बिताने से ब्लड प्रेशर तुरंत कम होता है। स्क्रीन का कम उपयोग दिमाग को शांत करता है, जिससे किसी काम में ध्यान (फोकस) बेहतर होता है। आंखों की सुरक्षा के लिए हर 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर देखने (20-20-20 नियम) से आंखों का सूखापन और तनाव कम होता है। स्क्रीन-मुक्त समय में टहलने, योग करने या हॉबी अपनाने से शारीरिक गतिविधि बढ़ती है और मोटापा कम होता है। भोजन के समय या बेडरूम में फोन का उपयोग न करने से परिवार और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का अवसर मिलता है, इससे आपको खुशी मिलती है।



## सामाजिक जुड़ाव है बहुत जरूरी

'हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट' (करीब 80 साल तक चली स्टडी) में पाया गया कि अच्छे रिश्ते हमें खुश और स्वस्थ रखते हैं। अकेलापन, धूम्रपान जितना ही हानिकारक होता है। सामाजिक जुड़ाव मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता को कम करके, दीर्घकालिक बीमारियों का जोखिम घटाकर और स्वस्थ व्यवहारों (जैसे व्यायाम, अच्छी नींद) को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य में सुधार करता है। परिवार और दोस्तों के साथ मजबूत रिश्ते सकारात्मक भावनाएं, जीवन में उद्देश्य प्रदान करते हैं, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

## हाइड्रेशन लेवल ना हो कम

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी आवश्यक होता है। ऐसा करना गुर्दे यानी किडनी की कार्यक्षमता और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखता है। शोध बताते हैं कि सही मात्रा में हाइड्रेशन, त्वचा और पाचन के लिए भी अनिवार्य है। यह शारीरिक तापमान को नियंत्रित करता है, जोड़ों को चिकनाई प्रदान करता है, पोषक तत्वों का परिवहन करता है, ऊर्जा स्तर बनाए रखता है और पाचन में मदद करता है। रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से किडनी स्वस्थ रहती है और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते रहते हैं।



## गट हेल्थ हो सही

अच्छी हेल्थ और गट हेल्थ के रिलेशन पर किया गया हालिया रिसर्च, 'गट-ब्रेन एक्सिस' पर जोर देता है। प्रो-बायोटिक्स और फाइबर युक्त भोजन हमारे इम्यून सिस्टम को 70-80 प्रतिशत तक नियंत्रित करते हैं। इसलिए गट हेल्थ पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

## नशीले पदार्थों से रहें दूर

प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' की रिपोर्ट के अनुसार, शराब, तंबाकू या किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन किसी भी स्तर पर सुरक्षित नहीं है। यह सीधे तौर पर डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है। इसलिए स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए किसी भी नशीले पदार्थ का किसी भी रूप में सेवन हानिकारक हो सकता है। यहां बताई गई बातों को अपनी जीवनशैली में अपनाकर निश्चित ही आप स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जी सकते हैं। *

डिजीज

डॉ. अनुराग अग्रवाल
क्लिनिकल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स, ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

लगभग एक हजार बच्चों में से एक को हिप ज्वाइंट से जुड़ा डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया रोग होता है। इसमें बच्चे की मूवमेंट प्रभावित हो सकती है। समय पर ट्रीटमेंट न कराने पर प्रॉब्लम बढ़ सकती है। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप बच्चे के मूवमेंट को करता है प्रभावित

हाल ही में फिल्म एक्टर वरुण धवन की 2 साल की बेटी के एक फिजिकल प्रॉब्लम से उबरने की खबर सामने आई। उनकी बेटी डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप (डीडीएच) नामक विकार से जूझ रही थी, जो अब उपचार के बाद ठीक है।

**क्या है यह रोग:** डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप, बच्चों के हिप सॉकेट या कूल्हे के जोड़ में होने वाली विकृति है। इसे हिप डिसप्लेसिया भी कहा जाता है। जोड़ शरीर का वह हिस्सा होता है, जहां दो हड्डियां आपस में मिलती हैं। हिप का जोड़ जांघ की हड्डी (फीमर) और पेल्विस के बीच का जुड़ाव बिंदु होता है। डीडीएच में हिप का जोड़ नॉर्मल स्वस्थ जोड़े की तरह विकसित नहीं हो पाता और काफी उथला या ढीला हो जाता है। फीमोरल हेड बॉल (फीमर का ऊपरी भाग) पेल्विस में मौजूद हिप सॉकेट (एसीटैबुलम) में सही तरीके से फिट नहीं हो पाता और बाहर निकलने लगता है। जिसकी वजह से मरीज का हिप-लक्सेशन शुरू हो जाता है यानी हिप अपनी जगह से खिसक जाती है। जांघ के अंदरूनी हिस्से-ग्रोइन में सामान्य से ज्यादा गहरे स्किन-फोल्ड या क्रीज बन जाती हैं। पैर के बाहर की तरफ खोलने का मूवमेंट रुक जाता है। जिस पैर में यह दिक्कत होती है, वो पैर थोड़ा छोटा हो सकता है। बच्चे को हिप में अकड़न-सी महसूस होती है, मूवमेंट करने पर हिप के अंदर चटकने या क्लिक की आवाज आती है।

**क्या होता है असर:** डीडीएच डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो बचपन में ही हो जाता है। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे समस्या बढ़ती जाती है। बच्चे को क्रॉनिक दर्द रहता है। उसके हिप के मूवमेंट बहुत कम हो जाते हैं। पैर छोटे-बड़े हो जाने पर बच्चे को चलने-फिरने में दिक्कत आती है। नजरअंदाज करने पर बड़े होने पर बच्चे को हिप ऑस्टिओअर्थराइटिस हो सकता है। यानी हिप खराब होने और चाल में स्थाई रूप से लंगड़ापन आने की संभावना रहती है। जबकि सही ढंग से उपचार होने पर बच्चा सामान्य जीवन जी सकता है।



**समस्या के कारण:** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

- आनुवांशिक, जेनेटिक फैक्टर्स की वजह से होता है।
- ब्रीच पाश्जीशन/उल्टे पैदा हुए बच्चे जो जन्म के समय सिर के बजाय हिप्स के माध्यम से पैदा होते हैं।
- प्री-मैच्योर पैदा हुए बच्चे।
- पैरेंट्स की गलत आदतें जैसे बच्चे को उठाते या सुलाते समय बच्चे के पैर सीधे करके हिप्स को चादर, टावल या कंबल से कसकर बांधना।

**किन्हें है खतरा:** लड़कियों में लड़कों की अपेक्षा 80 प्रतिशत मामले ज्यादा होते हैं। पहली संतान को ज्यादा खतरा रहता है।

**न करें नजरअंदाज:** पैरेंट्स को इसके कोई भी लक्षण नजर आएं, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर उपचार कराना चाहिए। बच्चे का पैरों की लंबाई या जांघों के आस-पास ग्रोइन एरिया के स्किन-फोल्ड असमान दिखाई दें, हिप के आस-पास हाथ लगाने पर कोई आवाज सुनाई दे या हिप के मूवमेंट प्रॉपर न हों या मूवमेंट सामान्य से कुछ कम लगे।

**कैसे होता है डायग्नोज:** डीडीएच को कंफर्म करने के लिए डॉक्टर बच्चे का हिप एब्डेक्शन टेस्ट या बार्लोस-मैनुअल टेस्ट करते हैं। साथ ही हिप फीमर की स्थिति की जांच के लिए 4-6 महीने के बच्चे का अल्ट्रासाउंड और बड़े बच्चे का एक्स-रे टेस्ट भी कराया जाता है।



**क्या है उपचार:** इस रोग का उपचार बच्चे की उम्र और समस्या की गंभीरता पर निर्भर करता है। 6 महीने से छोटे बच्चे का हिप हाथ लगाने पर अगर अंदर की तरफ रिड्यूस हो रहा है, तो बच्चे को पेल्विक हार्नेस ब्रेस लगाया जाता है। जो बच्चे के हिप्स को बाहर की तरफ फैलाकर और घुटनों को मोड़कर रखता है। हिप पर प्रेशर पड़ने से धीरे-धीरे रिड्यूस होकर स्टेबल हो जाता है। पेल्विस में एसीटैबुलम सॉकेट सही पोजीशन में आ जाता है, जिसमें फीमर हेड आसानी से फिट हो जाता है। शुरू में ब्रेस पूरे टाइम के लिए लगाया जाता है, कुछ टाइम बाद सिर्फ रात को लगाने के लिए कहा जाता है। अगर बच्चा 6 महीने से बड़ा है और हिप सही पोजीशन में नहीं जा पा रहा हो तो ऐसी स्थिति में हिप-रिडक्शन सर्जरी की जाती है और कुछ समय के लिए हिप स्पाइका कास्ट प्लास्टर लगाया जाता है। इस तरह की सर्जरी से पहले हिप को रिड्यूस करके सही पोजीशन में लाया जाता है। कुछ समय बाद यह फिट हो जाता है।

**रखें ध्यान:** बच्चे को डीडीएच की समस्या से बचाने के लिए पैरेंट्स को यहां बताई जा रही बातों पर अमल करना जरूरी है।

- पैदा होने पर बच्चे के हिप्स को बहुत ज्यादा कसकर नहीं बांधें, ताकि बच्चा अपने घुटने को किक करने वाले मूवमेंट को आराम से कर सके।
- बच्चे के पैरों को लंबे समय तक जबरदस्ती सीधे करके नहीं रखें। हिप और घुटने का मूवमेंट होते रहना बहुत जरूरी है।
- बच्चे को उठाते समय ध्यान रखें कि बच्चा फ्रॉग और एम पोजीशन में रहे ताकि बच्चे का हिप्स और हिप सॉकेट एसीटैबुलम ठीक पोजीशन में हो।
- बच्चे को सीट पर बिठाते समय ध्यान रखें कि उसके घुटने-हिप्स के ऊपर हों।
- बच्चों के चलने-फिरने और फिजिकल ग्रोथ पर नजर रखें। किसी भी तरह की असामान्यता नजर आने पर यथाशीघ्र मेडिकल सलाह लें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

# झाँसी में गूंजेगा मल्लखंभ-नई पीढ़ी को परंपरा से जोड़ने का संकल्पः निखरेंगी नई प्रतिभाएं

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** झाँसी की सांस्कृतिक एवं खेल परंपरा में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ते हुए, जिला मल्लखंभ एसोसिएशन झाँसी के तत्वावधान में आगामी 25 एवं 26 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली अंतर विद्यालयीन मल्लखंभ प्रतियोगिता के संदर्भ में एक गरिमामयी पत्रकार वार्ता का आयोजन संपन्न हुआ।

श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर के पावन प्रांगण स्थित जिम्नेशियम हॉल में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्गों के लिए प्रत्येक केटेगरी में अंडर-12, अंडर-14, अंडर-18 तथा -18 से ऊपर श्रेणियों में प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उपरोक्त प्रतिस्पर्धायें दिनांक 25 अप्रैल शनिवार को प्रात: 8:00 बजे से 10:30 बजे तक और दिनांक 26 अप्रैल रविवार को सांय 5:00 बजे से 7:30 बजे तक के मध्य इस आयोजन में खेल प्रतिस्पर्धायें होंगी। निश्चित रूप से ये खेल परंपरा, अनुशासन और शारीरिक साधना का एक जीवंत उत्सव सिद्ध होंगी। इसी महत्त्वपूर्ण आयोजन की रूपरेखा एवं उद्देश्य को जनमानस तक पहुँचाने हेतु आयोजित इस अवसर पर मल्लखंभ एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सचिव राम सिंह सिकौरिया की गरिमामयी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और ऊँचाई प्रदान की। वार्ता की अध्यक्षता जिला मल्लखंभ एसोसिएशन झाँसी के अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने की, प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम की रूप रेखा सचिव गजानन खानवलकर ने प्रस्तुत की। झाँसी जनपद के प्रतिष्ठित मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस संवाद को सार्थकता प्रदान की। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि- 'मल्लखंभ केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह हमारी परंपरा, शक्ति और संतुलन का जीवंत प्रतीक है। इस आयोजन के माध्यम से हम नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक दक्षता का विकास करना चाहते हैं। सचिव गजानन खानवलकर ने बताया कि यह प्रतियोगिता उभरती प्रतिभाओं के लिए एक सशक्त मंच सिद्ध होगी, जहाँ वे अपनी कला को निखारते हुए राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगी। यू पी मल्लखंभ एसोसिएशन के सचिव राम सिंह सिकोरिया ने कहा यह पत्रकार वार्ता न केवल एक आयोजन की सूचना थी, बल्कि उस संकल्प का उद्घोष भी थी, जिसमें खेल के माध्यम से संस्कार, समर्पण और स्वाभिमान का निर्माण निहित है। प्रतियोगिता के संयोजक केशव कुमार एवं मनीष कोष्टा ने बताया कि अभी तक जनपद के अनेक विद्यालयों से 127 प्रविष्टियाँ व उनके पंजीकरण हो चुके हैं उपरोक्त बैठक में प्रमोद सिकौरिया, मनीष कोष्टा, केशव कुमार, प्रभात कुमार सक्सेना, बैदेही शरण सरावगी और अरविन्द कुमार ओझा आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट हेतु जिला स्तरीय ट्रायल 26 अप्रैल को, शेरवुड कॉलेज में जुटेंगे खिलाड़ी

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन 26 अप्रैल, रविवार को किया जाएगा। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चुनने के लिए चयन प्रक्रिया (ट्रायल) का आयोजन खातीबाबा स्थित शेरवुड कॉलेज के मैदान पर होगा।

जिला स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव हिमांशु सोनी ने बताया कि यह ट्रायल जिले के विभिन्न स्कूलों के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच है। इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से एक मजबूत जिला टीम तैयार की जाएगी जो आगे होने वाले टूर्नामेंट में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

इन नियमों का पालन करना होगा अनिवार्य:ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए रिपोर्टिंग का समय सुबह 7:00 बजे निर्धारित किया गया है। सभी खिलाड़ियों को सफेद क्रिकेट ड्रेस में अपनी किट के साथ आना अनिवार्य है। इसके अलावा, खिलाड़ियों को अपने साथ आयु प्रमाण पत्र (Age Certificate) और स्कूल का पहचान पत्र (ID Card) लाना जरूरी होगा। इच्छुक खिलाड़ी मौके पर ही ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर ट्रायल में शामिल हो सकते हैं।

एसोसिएशन ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों और खेल प्रशिक्षकों से अपील की है कि वे अपने स्कूल के प्रतिभावान खिलाड़ियों को इस ट्रायल में अधिक से अधिक संख्या में भेजें। अधिक जानकारी के लिए सचिव हिमांशु सोनी से उनके मोबाइल नंबर 842357907 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ...बिना भोजन के कैसे हो बरातियों का स्वागत

## ब्लैक मार्केटिंग से खुशियों के घर में गैस त्रासदी का संकट

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा।** घर में शादी हो और बरातियों का स्वागत बिना भोजन के हो तो कैसा लगेगा, जरा सोचिए युद्ध ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच हो रहा है और मुसीबतों का सामना शादी बरात के मौसम में घरातियों और बरातियों को करना पड़ रहा है। बमुश्किल अगर सिलेण्डर ब्लैक में मिल भी रहा है तो उसकी कीमत 25 हजार से 3 हजार रुपये के बीच है। एक तो गर्मी दूसरा महंगाई का तड़के ने खुशियों के माहौल को गमगीन बना दिया है।

जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर ग्राम अछरौड़ के ग्राम पंचायत सदस्य वार्ड नं. 6 के घासीराम निषाद ने कहा है कि शादी की सारी तैयारी हो चुकी है, पर ऐन वक्त पर बेटी का पिता भाई या परिजन रसोई गैस की व्यवस्था करनें में असमर्थ हो रहे हैं। हालत यह है कि गैस के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं, कोई इधर सिफारिश लगा रहा है, कोई उधर सिफारिश लगा रहा है और कोई घर घर जाकर गैस कॉपी मांगकर गैस की व्यवस्था करनें के लिये चक्कर लगा रहा है। जो गैस बुकिंग पहले 20 दिनों में होती थी अब उसे बढ़ाकर 25 दिनों की अवधि सुनिश्चित कर दी गयी है। किन्तु इतनी जटिल प्रक्रिया के चलते लोगों को जो सिलेण्डर बुकिंग करनें के तुरन्त बाद मिलता था अब वही सिलेण्डर बुकिंग के एक सप्ताह बाद मिल रहा है। और वहीं पर यदि कालाबजारी की बात करें तो वही सिलेण्डर लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर बिचौलिये एक सिलेंडर के 2500 से 3000 रुपये वसूल रहे हैं। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार अपनी खुशियों के बीच इस 'ब्लैक' की मार से टूट रहे हैं। निषाद ने डीएम से कहा कि आप बस एक आदेश जारी कर दें कि जिस घर में शादी है, वे अपनी गैस कॉपी के साथ 'शादी का कार्ड' दिखाकर गैस एजेंसी से तुरंत सिलेंडर प्राप्त कर सकें या जिस प्रकार की व्यवस्था बेहतर रूप से बनायी जा सकती है बनायें। बहन-बेटियों की शादी में प्रशासन का यह सहयोग किसी वरदान से कम नहीं होगा।

# कुलपति महोदय श्री मुकेश पांडे जी द्वारा डॉ. रॉबिन श्रीवास्तव एवं डॉ. आर. पी. श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक 'LasersN A Precision Tool for Periodontics' का विधिवत विमोचन

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** कुलपति बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय डा0 मुकेश पाण्डेय जी के कर कमलों से डा0 रॉबिन श्रीवास्तव एवं डा0 आर0 पी0 श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक लेजर ए प्रीसिजन टूल्स फार पेरीडोन्टिक्स का विधिवत विमोचन हुआ।

इस अवसर पर डॉ. रॉबिन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बताया कि वर्तमान समय में लेज़र तकनीक का प्रयोग चिकित्सा के लगभग सभी क्षेत्रों में व्यापक रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में दंत चिकित्सा के क्षेत्र में भी लेज़र पद्धति अत्यंत प्रभावी, सुरक्षित एवं बेहतर उपचार विकल्प के रूप में उभर कर सामने आई है। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक के माध्यम से दंत चिकित्सा में उपयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के उपचारों में लेज़रों, उनकी कार्यप्रणाली, उपयोगिता, क्लिनिकल अनुप्रयोगों तथा सेफ्टी प्रोटोकॉल्स की विस्तृत एवं वैज्ञानिक जानकारी प्रस्तुत की गई है। यह पुस्तक देश-विदेश में अध्ययनरत दंत चिकित्सा विद्यार्थियों, स्नातकोत्तर छात्रों तथा प्रैक्टिस कर रहे दंत चिकित्सकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उल्लेखनीय है कि डॉ. रॉबिन श्रीवास्तव, डॉ. आर. पी. श्रीवास्तव (पूर्व विभागाध्यक्ष, दंत चिकित्सा) के सुपुत्र हैं। डॉ. आर. पी. श्रीवास्तव को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है एवं बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2001 में राज्यपाल श्री विष्णुकांत शास्त्री जी द्वारा बेस्ट टीचर अवॉर्ड एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर सावित्री हॉस्पिटल झांसी की दंत चिकित्सक डॉ ऋतिका श्रीवास्तव, डॉ संजीव श्रीवास्तव (फिजिक्स, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय), डॉ ए के श्रीवास्तव (बीबीसी), श्री आर0 सी0 श्रीवास्तव जी पूर्व अपर जिलाधिकारी आदि उपस्थित रहे। माननीय कुलपति जी द्वारा पुस्तक लेखन के कार्य की सराहना करते हुए युवा पीढ़ी को इस ओर प्रोत्साहित किया और पुस्तक की उपयोगिता समझाई। यह पुस्तक दंत चिकित्सा क्षेत्र में लेजर पद्धति को और गूढ़ रूप में समझने में उपयोगी सिद्ध होगी। जिसका उपयोग पठन पाठन व शोध कार्य की गुणवत्ता को उच्च स्तर प्रदान करेगी माननीय कुलपति महोदय द्वारा पुस्तक लेखन की सराहना करते हुए युवा पीढी को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डा0 प्रदीप कुमार श्रीवास्तव जी द्वारा किया गया।

# भारत सरकार में ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट (कार्यालय अधीक्षक) के पद पर चयन होने पर किया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )




**झांसी।** बुन्देलखण्ड कॉलेज, झाँसी के एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर (राजनीति विज्ञान) के अध्यनरत छात्र अमित कुमार गुर्जर पुत्र श्री संजय कुमार गुर्जर निवासी ग्राम पोस्ट जटवारी शेरगढ़ जिला मथुरा हाल निवासी 178/ए हंसारी थाना प्रेमनगर जिला झाँसी का चयन स्स्ष्ट, ष्टत्ररु द्वारा वित्त मन्त्रालय भारत सरकार में ऑफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट (कार्यालय अधीक्षक) के पद पर चयन होने पर महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है। प्राचार्य प्रो. एस.के. राय द्वारा छात्र को सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रो. एल.सी. साहू, प्रो. नूतन अग्रवाल, प्रो. मंजरी दमेले, प्रो. नवेन्द्र सिंह, प्रो. नीलम सिंह, डॉ. शिवप्रकाश त्रिपाठी, डॉ. रोबिन सिंह तथा कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# होमगार्ड परीक्षा : डीएम ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

## सभी परीक्षा कक्षों के सीसीटीवी कैमरों को रखा जाए दुरुस्त

( यंग भारत न्यूज )

**बाँदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी ने 25 से 27 अप्रैल को होने वाली होमगार्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर परीक्षा केन्द्रों में जाकर स्थलीय निरीक्षण किया और कहा कि सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों को संचालित रखा जाए ताकि निष्पक्ष परीक्षायें कराई जा सके। निरीक्षण में उन्होंने कन्ट्रोल रूम में कैमरों से निगरानी किये जाने की व्यवस्था का जायजा लेते हुए परीक्षा तिथियों में इण्टरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था सुचारू रूप से रखने तथा परीक्षा केन्द्रों में समय से सामग्री उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।

डीएम ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा केन्द्र डीएवी कॉलेज के स्ट्रांग रूम एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा सभी परीक्षा कक्षों के सीसीटीवी कैमरों को संचालित रखने के निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्र में आवश्यक प्रकाश की व्यवस्था, फर्नीचर, सिटिंग प्लान, पेयजल, छाया तथा सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा की तिथियों में एम्बुलेन्स की व्यवस्था एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था भी रखे जाने के निर्देश दिये। यह परीक्षा 25 से 27 अप्रैल, 2026 को दो पालियों में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा केन्द्र जनपद के विभिन्न विद्यालयों में आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेज, राजीकय बालिका इण्टर कॉलेज, खानकाह इण्टर कॉलेज, इण्टरमीडिएट कॉलेज तिन्दवारा, नगर पालिका बालिका उ0मा0 विद्यालय, जनता इण्टर कॉलेज खुरहण्ड एवं रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, बॉदा में आयोजित की जायेगी। उन्होंने सभी परीक्षा केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने परीक्षा तिथियों में समुचित ट्रैफिक की व्यवस्था किये जाने तथा विद्यालयों के बाहर वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिये है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सहित प्रधानाचार्य डीएवी इण्टर कॉलेज एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शांति स्थापना कर अपराधियों पर लगेगा अंकुश-थानाध्यक्ष

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** सामाजिक न्याय एवं अपराध पर अंकुश लगाना ही हमारी वरीयता होगी। उक्त उदगार गुरसरांय के नए कार्यवाहक थानाध्यक्ष फूलसिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान व्यक्त किया।

ज्ञात हो कि थानाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह के चिकित्सा अवकाश लेने पर थाने का प्रभारी उन्हें बनाया गया है। उन्होंने बताया कि अपराधियों पर अंकुश लगाया जाएगा, किसी भी अपराधी को बख्शा नही जाएगा, और किसी भी सज्जन व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।यह उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान उप निरीक्षक महेंद्र सिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक चौहान जी आदि उपस्थित रहे।

# समाजसेवी सतीश चौरसिया की माता जी की अंतिम यात्रा में उमड़ा जन सैलाव

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** नगर के प्रमुख समाज सेवी एवं गायत्री परिवार के तहसील संयोजक सतीश चौरसिया की माता जी श्रीमती सरस्वती देवी का 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया।उनके निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें नगर वासियों ने गहरा दुख व्यक्त किया।

शोक सभा मे पूर्व चेयरमैन देवेश पालीवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह राजा जी चौहान, रमेश मौर्य, अखिलेश पिपरैया, डॉ रविन्द्र प्रकाश अरजरिया, प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी, राकेश खरे, चंद्रप्रकाश चौरसिया, सूरज माते, जयप्रकाश बरसै या, राम प्रकाश अरजरिया, ब्रजेन्द्र शर्मा, बशीर खान, क्रीड़ाध्यक्ष विनोद कुमार, सुधीर पाठक, सुरेन्द्र कुमार व्यास, रामकृष्ण अरजरिया, राम नारायण पस्तोर, प्रदीप कोठारी, अबधेश सिंह फौजी, आत्माराम फौजी, अशोक मिश्रा, जगराम सिंह अस्ता, संदीप कोठारी, के के तिवारी, ओ पी शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य पी एन दुवे, राम बाबू शर्मा, कुलदीप कोदबलकर, विनोद यादव, संतोष अग्रवाल, गज्जू महते, रविन्द्र स्वामी, दाऊ पालीवाल, रामेश्वर अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, सुरेश खरे एडवोकेट, पवन स्वामी, जे पी चौरसिया, अखिलेश तिवारी, पुष्पेंद्र पटेल भड़ोकर,: रामभरोसे पेन्टर: ,राजकुमार पाठक, निर्भय सोनी, सत्यप्रकाश तिवारी,: संगम स्वामी, अमर सिंह, लाल जी खरे, अशोक सेन, भगवत नगरिया, रमेश सोनी, महेश पाठक, धर्मेंद्र सोनी बल्ले, दिवाकर स्वामी, राम कुमार कुशवाहा, साहब सिंह, अमित गर्ग, संजय दोन्दे रिया, प्रीतम चौरसिया, बाबा स्वामी, वीर सिंह पटेल: विष्णु चौरसिया ,पत्रकारों में राम कुमार सिंह, डॉ सुकदेव व्यास, अरुण चतुर्वेदी, अखिलेश तिवारी सुट्टा, सोम मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, सरजू शरण पाठक, सार्थक नायक, हरिश्चंद्र नायक, आयुष त्रिपाठी, शिशुपाल सिंह सरस ,राजेश अग्रवाल ,सत्यप्रकाश द्विवेदी ,सुनील जैन डीकू, कौशल किशोर, संजू परिहार, रामगोपाल शर्मा, आशुतोष गोस्वामी ,अंकित सेंगर सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

खेर इण्टर कॉलेज प्रबंध समिति की एक शोक सभा समिति के अध्यक्ष पं देवेश पालीवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष सतीश चौरसिया की माता जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

शोक सभा मे प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर, प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी, उप प्रबंधक बृजकिशोर व्यास, सनत जैन, सदस्य सुशील स्वामी, राकेश खरे, मनीष नेवालकर, ओ पी शर्मा, आलोक द्विवेदी, नरेंद्र जैन, दाऊ पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

खेर इंटर कॉलेज बालिका विभाग में एक शोक सभा कैलाश प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें विद्यालय के कोषाध्यक्ष सतीश चौरसिया की माता जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

शोक सभा में प्रदीप कुमार स्वर्णकार, जितेंद्र पटेल, राजबहादुर सिंह, अर्चना मोदी, सुनील कुमार व्यास, अमित प्रताप भदौरिया, सरजू शरण पाठक, संजय दोन्दे रिया, राकेश कुमार व्यास, सौरभ अग्रवाल, विवेक गुप्ता, सुरभि पटेल, रजनी यादव, दीपा गुप्ता, खुशबू जैन, पूजा निरंजन, कौशलेश मिश्रा, कुलदीप वर्मा, राहुल पटेल आदि उपस्थित रहे।

# झांसी नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बुंदेलखंड सेवा मंडल द्वारा संचालित महारानी लक्ष्मीबाई जूनियर हाई स्कूल में नगर निगम झांसी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025- 26 एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत विद्यालय में कला प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को महत्व समझाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती माला मेहरोत्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रथम स्थान पर सार्थक गौतम, द्वितीय स्थान पर हर्षिका कुशवाहा तीसरे स्थान पर ऋषिका शर्मा को स्किल इंडिया के मैनेजर नीरज सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718